हरिभूमि रायपुर भूमि



## प्रदीप मिश्रा की कथा सुनने रिंग रोड से लेकर अमलेश्वर तक भारी जाम

- जाम से निपटने रायपुर तथा दुर्ग ट्रैफिक पुलिस के सौ से ज्यादा जवान तैनात

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

अमलेश्वर में आयोजित कथावाचक पंडित प्रदीप मिश्रा को सुनने हजारों की संख्या में लोग पहुंच रहे हैं। इसके कारण रायपुरा रिंग रोड से लेकर महादेव घाट पुल, अमलेश्वर तक ट्रैफिक जाम की स्थिति निर्मित हो गई। ट्रैफिक जाम से निपटने रायपुर तथा दुर्ग ट्रैफिक पुलिस के सौ के करीब जवान तैनात किए गए हैं। ट्रैफिक जाम की ऐसी स्थिति है ▶▶| शेष पेज 14 पर

## खबर संक्षेप

### सौम्या, रानू की रिमांड 3 जून तक

**रायपुर।** माइनिंग घोटाले में जेल में बंद पूर्व आईएएस रानू साहू तथा राज्य प्रशासनिक सेवा के अफसर रहीं सौम्या चौरासिया को ईओडब्ल्यू रिमांड पर लेकर पूछताछ कर रही है। रिमांड खत्म होने के बाद दोनों आरोपियों को जांच एजेंसी ने सोमवार को कोर्ट में पेश किया। ईओडब्ल्यू ने दोनों से पूछताछ करने नौ दिन रिमांड पर लेने कोर्ट में आवेदन पेश किया। ईओडब्ल्यू के आवेदन पर कोर्ट ने दोनों आरोपियों की सात दिन यानी 3 जून तक की रिमांड स्वीकृत की है। इसके अलावा ईडी ने नान घोटाले के आरोप में गिरफ्तार राइस मिलर रोशन चंद्राकर की रिमांड खत्म होने पर पीएमएलए कोर्ट में पेश किया। कोर्ट ने चंद्राकर को 14 दिनों के लिए 10 जून तक न्यायिक रिमांड पर जेल भेजने का फैसला सुनाया है।

### अंतर्राज्यीय गांजा तस्कर गिरफ्तार

**रायपुर।** गंज पुलिस ने उत्तरप्रदेश के गांजा तस्कर को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से डेढ़ लाख रुपए कीमत का गांजा



जब्त किया है। जौनपुर निवासी जयबिग वर्मा को गांजा तस्करी करने के आरोप में गिरफ्तार किया है। जयबिग ओडिशा से गांजा तस्करी कर उत्तरप्रदेश ले जाने की फिराक में था। पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर जयबिग को रेलवे स्टेशन के गेट नंबर 2 के पास गिरफ्तार किया है।

### शराब की अवैध बिक्री दो कोचिया गिरफ्तार



**रायपुर।** गुढ़ियारी पुलिस ने दो कोचियों को शराब की अवैध बिक्री करते गिरफ्तार किया। उनके कब्जे से 77 सौ रुपए कीमत की 70 पौवा देशी शराब जब्त की है। पुलिस के मुताबिक शराब की अवैध बिक्री करने के आरोप में गोकुल तांडी तथा प्रकाश निहाल को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने दोनों को खालबाड़ा के पास से शराब बेचते पकड़ा।

### हत्या की कोशिश, फरार बदमाश गिरफ्तार



**रायपुर।** सरस्वती नगर पुलिस ने हत्या की कोशिश करने के आरोप में 10 माह से फरार आरोपी को घेराबंदी कर पकड़ा। पुलिस के मुताबिक गुढ़ियारी निवासी पवन यादव को हत्या की कोशिश के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। पुलिस के अनुसार मामूली बात पर पवन ने अपने अन्य साथियों के साथ मिलकर एक अन्य युवक की बुरी तरह से पिटाई करते हुए उसके ऊपर जानलेवा हमला किया था। घटना के बाद पुलिस से बचने पवन फरार हो गया था।

---

छग के बस ऑपरेटरों ने ओडिशा के बस संचालकों पर लगाया बाधा डालने का आरोप

## ओडिशा-छग के बस ऑपरेटर्स भिड़े, 11 जून से राज्य की सीमा पर ही रोकी जाएंगी ओडिशा की बसें

**बाधा उत्पन्न करने वाले बस ऑपरेटर तथा यूनियन के खिलाफ कार्रवाई की मांग**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

यात्री बस संचालन को लेकर छत्तीसगढ़ तथा ओडिशा के बस ऑपरेटरों के बीच टकराव के हालात बन गए हैं। छत्तीसगढ़ के बस ऑपरेटरों ने ओडिशा के बस संचालकों पर बस संचालन करने को लेकर बाधा उत्पन्न करने का आरोप लगाया है। जारी टकराव के बीच राज्य के बस ऑपरेटरों ने हालात नहीं सुधरने पर 11 जून से ओडिशा की बसों का संचालन रोकने की चेतावनी दी है।

छत्तीसगढ़ के आपरेटर्स का कहना है कि दोनों राज्यों के बीच अंतरराज्यीय परमिट के तहत बसों का संचालन किया जा रहा है। इसके लिए नियमानुसार रूट और समय निर्धारित किया गया है, लेकिन ओडिशा के बस मालिक अपने मनमुताबिक इसका संचालन कर रहे हैं, जिसकी शिकायत परिवहन सचिव एस. प्रकाश तथा अतिरिक्त परिवहन आयुक्त डी. रविशंकर से की गई है। उन्हें बताया गया है कि ओडिशा के बस ऑपरेटर छत्तीसगढ़ की बसों को रोक रहे हैं। इस संबंध में राज्य परिवहन विभाग के अफसरों से ओडिशा के अफसरों से संपर्क कर बस संचालन में बाधा उत्पन्न करने वाले बस ऑपरेटर तथा यूनियन के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग की है।

हरिभूमि सरोकार



### सवारी बैठाने को लेकर विवाद

बस ऑपरेटरों के मुताबिक ट्रेन के लेट होने के साथ ही कैंसिल होने तथा कन्फर्म टिकट नहीं मिलने की वजह से ज्यादातर लोग रायपुर से बस के माध्यम से ओडिशा जाना चाहते हैं। इसके साथ ही छत्तीसगढ़ से ओडिशा के बस किराया में 25 से 30 प्रतिशत का अंतर है। इसीलिए यात्री छत्तीसगढ़ की बसों से आवाजाही करना पसंद करते हैं। ओडिशा के बस ऑपरेटर सवारी नहीं मिलने से नाराज होकर ओडिशा में छत्तीसगढ़ की बसों में सवारी बैठाने को लेकर विवाद करते हैं। ओडिशा ट्रांसपोर्ट यूनियन से जुड़े लोग छत्तीसगढ़ की बसों को ओडिशा में टाइमिंग से छोड़ने रोकने बाधा उत्पन्न करते हैं।

### 12 हजार से ज्यादा यात्री करते हैं आवाजाही

राज्य के अलग अलग शहरों से ओडिशा के पुरी, झारसुगड़ा, राउरकेला, भुवनेश्वर, संबलपुर, बरगढ़, भवानीपटना, काटाभांजी सहित अन्य शहरों के लिए यात्री बसों का संचालन होता है। बस ऑपरेटरों के मुताबिक राज्य के अलग-अलग शहरों से ओडिशा के लिए नियमित 12 हजार से ज्यादा यात्री आवाजाही करते हैं। उल्लेखनीय है कि छत्तीसगढ़ और ओडिशा के बीच कुछ मार्गों पर परमिट के साथ दोनों ओर से बसें चलाने का अनुबंध है। इसके लिए दोनों राज्यों के बीच हुए समझौते के तहत ऑपरेटरों को उन मार्गों पर बसों के लिए परमिट जारी किया गया है।

### टकराव से बढ़ेगी यात्रियों की परेशानी

छत्तीसगढ़ तथा ओडिशा के बस ऑपरेटरों की लड़ाई से यात्रियों को परेशानी का सामना करना पड़ेगा। गौरतलब है कि ओडिशा के कारोबारी बड़ी संख्या में रायपुर खरीदारी करने पहुंचते हैं। बसों का संचालन बंद होने से कारोबारियों की रायपुर आवाजाही बाधित होगी। साथ ही दोनों राज्यों के बीच होने वाला कारोबार प्रभावित हो जाएगा। गौरतलब है कि ओडिशा के बस ऑपरेटर अपनी बसों में जितने यात्री ले जाते हैं, उससे ज्यादा अपनी बसों में यहां से माल परिवहन कर ले जाते हैं। छत्तीसगढ़ के बस ऑपरेटरों ने परिवहन अफसरों को सौंपे अपने ज्ञापन में माल परिवहन करने वाली बसों की पहचान कर कार्रवाई की मांग की है।

### बैठक में चर्चा के बाद किया तय

यातायात महासंघ की वार्षिक बैठक में चर्चा करने के बाद तय किया गया कि बस संचालन विवाद का जल्द समाधान नहीं निकाला गया, तो 11 जून से ओडिशा की बसों को छत्तीसगढ़ सीमा पर रोक दिया जाएगा। छत्तीसगढ़ की बसों को ओडिशा में रोका जा रहा है, जबकि अंतरराज्यीय समझौते के तहत ही दोनों राज्यों के बीच बसों का संचालन किया जा रहा है।

- **सैयद अनवर अली**, अध्यक्ष छत्तीसगढ़ यातायात महासंघ

---

## सुपारी किलिंग करने आए शूटरों के पास कारोबारी के साथ उसके घर का फोटो

- गूगल मैप से नक्शा तैयार कर भागने का रूट प्लान कर लिया था
- हत्या की घटना को अंजाम देने के बाद बदमाश ओडिशा के रास्ते बोकारो भागने की फिराक में थे

**मौके का नक्शा बरामद**


मलेशिया से मारने का आदेश, बाइक राइडर बनकर शूटर पहुंचे थे रायपुर, उगाही के लिए था पूरा खेल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राजधानी में कारोबारी की हत्या कर हड़कंप मचाने की फिराक में पकड़े गए झारखंड के अमन साहू गैंग के चार शूटरों से पूछताछ में पुलिस को कई महत्वपूर्ण जानकारी मिली है। पुलिस के अनुसार बदमाश कारोबारी की हत्या करने पूरी प्लानिंग के साथ रायपुर पहुंचे थे। कारोबारी की हत्या करने रायपुर पहुंचे शूटर सोमवार को सुबह पचपेड़ी नाका चौक के पास मिलने वाले थे। इसके बाद कारोबारी के ऑफिस निकलने के टाइम में उन फायरिंग कर हत्या करने की प्लानिंग थी।

गौरतलब है कि पुलिस ने रविवार को अमन साहू गैंग के तीन शूटरों को रायपुर तथा एक शूटर को राजस्थान से गिरफ्तार किया है। शूटर रायपुर तथा रायगढ़ में कोल तथा रोड कांट्रेक्टर द्वारा रंगदारी नहीं देने पर हत्या ▶▶| शेष पेज 14 पर

हरिभूमि फॉलोअप

### ओडिशा के रास्ते बोकारो भागने की फिराक में

पुलिस के अनुसार बदमाश जिस बाइक में घटना को अंजाम देते, उसके बाद उस बाइक को रास्ते में लावारिश हालत में छोड़कर तथा अपना गेटअप चेंज कर कोई दूसरा वाहन चोरी कर ओडिशा के रास्ते झारखंड, बोकारो भागने की फिराक में थे। मंदिर हसौद तथा आरंग के टोल प्लाजा में लगे सीसीटीवी से बचने बदमाशों ने अंदर के रास्ते स्टेट हाईवे होते हुए महासमुंद के रास्ते ओडिशा से बोकारो भागने की प्लानिंग की थी।

### फुल प्रूफ प्लान बनाकर आए थे

पुलिस के अनुसार शूटरों ने घटना को अंजाम देने तगड़ी तैयारी की थी। कहीं चूक न हो, इसके लिए कारोबारी जिस कार से आना-जाना करते थे, उस कार का नंबर शूटरों के पास से पुलिस को मिला है। इसके साथ ही कारोबारी जहां रहता है, उस घर की लोकेशन का नक्शा पुलिस को बदमाशों के पास से मिला है। इसके साथ ही पुलिस को बदमाशों के पास से कारोबारी के फोटो के साथ उनके मकान का फोटो मिला है।

### शहर में कोहराम मचाने की थी साजिश

पुलिस के अनुसार कारोबारी की हत्या के बाद शूटरों को पकड़ने तथा पीछा करने की स्थिति में पकड़ने वालों के साथ ही पीछा करने वालों पर भी ताबड़तोड़ फायरिंग करने के निर्देश मलेशिया में बैठे मयंक सिंह ने दिए थे। पुलिस के अनुसार घटना को अंजाम देने से पहले बदमाश रायपुर में किसी इलाके में बाइक चोरी की घटना को अंजाम देते। पहचान छिपाने चेहरे पर स्कार्फ बांधने के साथ हेलमेट में काले कलर का फाइवर ग्लास लगाकर घटना को अंजाम देने की फिराक में थे।

---

## जब्बार नाले में जबर कचरा जेसीबी से निकाला 80 डंपर



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

शहर के जलभराव वाले क्षेत्रों में बारिश पूर्व नाला सफाई के लिए नगर निगम का स्वास्थ्य विभाग सफाई अभियान चला रहा है। सोमवार को शहर के आउटर क्षेत्र स्थित जब्बार नाला से पोकलेन मशीन लगाकर 80 डंपर कचरा बाहर निकाला गया। इसी तरह राजातालाब इलाके के अरमान नाला की सफाई के दौरान 40 डंपर कचरा निकालकर नाले की सफाई कराई।

- बारिश पूर्व नगर निगम पोकलेन मशीन से करा रहा नाला सफाई

बड़े नालों की सफाई कराने नगर निगम के स्वास्थ्य विभाग ने 2 विभागीय पोकलेन मशीन के साथ ही किराये पर पोकलेन मशीन को नाला सफाई कार्य में लगाया है। नाला सफाई कार्य की मानिटरिंग अपर आयुक्त राजेन्द्र प्रसाद गुप्ता के मार्गदर्शन में स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. तृप्ति पाणिग्रही की टीम कर रही है। सोमवार को अरमान नाला क्षेत्र और समता कालोनी मार्ग के नाले की सफाई कार्य का अपर आयुक्त ने निरीक्षण किया।

### सप्ताहभर से चल रही जब्बार नाला की सफाई

नगर निगम जोन 3 के स्वास्थ्य विभाग की टीम द्वारा जब्बार नाला क्षेत्र में पिछले एक सप्ताह से पोकलेन मशीन की सहायता से नाला सफाई कराई जा रही है। इस दौरान 80 डंपर कचरा बाहर निकाला जा चुका है। इसी तरह अरमान नाला में पोकलेन मशीन से नाला सफाई का काम जोन स्तर पर किया जा रहा है। अब तक 40 डंपर कचरा नाले के बाहर निकालने का काम पूरा हो गया है।

### मेनुअल सफाई के लिए ठेके पर 250 कर्मचारी

नगर निगम मुख्यालय के स्वास्थ्य विभाग ने 10 जोन में नाला सफाई के लिए 250 सफाई कर्मचारी ठेके पर रखे हैं। एक जोन में 25 ठेका सफाई कर्मचारी नाला गैंग के नाम से रखा गया है। इस तरह 10 जोन के लिए 250 सफाई कर्मचारी नाला सफाई कार्य के लिए अलग से रहेंगे। जहां नाले की सफाई मेनुअल तरीके से नहीं हो पा रही, वहां पोकलेन मशीन लगाकर बारिश पूर्व नाला सफाई कराई जा रही है।

---

## नवतपा के तीसरे दिन तपी धरती, रात-दिन का तापमान डेढ़ डिग्री तक ज्यादा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

नवतपा के तीसरे दिन भी तेज धूप से राजधानी समेत मध्य इलाकों के लोग गर्मी से बेहाल रहे। पिछले चौबीस घंटे में दिन के तापमान में किसी तरह का बदलाव नहीं हुआ है, मगर रात का पारा भी दिन की तरह सामान्य से डेढ़ डिग्री अधिक हो चुका है। प्रदेश में अभी शुष्क हवा का प्रवेश होना जारी है, जिसकी वजह से अभी गर्मी से राहत मिलने के आसार नहीं हैं। नवतपा के दूसरे दिन से राज्य में गर्मी ने अपना असर दिखाना शुरू किया है।

- गर्मी कम होने के आसार अभी नहीं, दिन चढ़ते ही लू जैसे हालात

**नौ दिन से चालीस के पार**

| मई | डिग्री |
|---|---|
| 19 | 40.2 |
| 20 | 41.3 |
| 21 | 41.4 |
| 22 | 41.7 |
| 23 | 40.4 |
| 24 | 40.8 |
| 25 | 40.4 |
| 26 | 43.7 |
| 27 | 43.6 |

### चेतावनी जारी

मौसम विभाग द्वारा अगले चौबीस घंटे में रायपुर के साथ बिलासपुर और दुर्ग संभाग के कई हिस्सों में मंगलवार को भी ग्रीष्म लहर की स्थिति बनी रहने की संभावना जताई गई है।चक्रवाती तूफान के प्रभाव से छाए बादल के आज छंटने की उम्मीद है, इससे रायपुर का अधिकतम तापमान 44 डिग्री अथवा उसके पार होने की संभावना है।

---

## यात्रियों को नहीं मिली थी री-शेड्यूल की सूचना हसदेव एक्सप्रेस 6 की जगह रात 9 बजे छूटी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

गर्मी के दिनों में लंबी दूरी की यात्री ट्रेनें लेटलतीफी का रिकॉर्ड बना रही हैं। देर से चल रही ट्रेनों को पास देने के चक्कर में जोन की ट्रेनों को भी देर से गंतव्य तक पहुंचाया जा रहा है। रायपुर से कोरबा के बीच चलने वाली 18251 हसदेव एक्सप्रेस एक लोकप्रिय ट्रेन है, जिसमें लोग महत्वपूर्ण काम से कोरबा आना-जाना करते हैं। रविवार को इस ट्रेन में भीड़ और भी बढ़ जाती है। 26 मई को महिला संगठनों की मीटिंग में दर्जन से अधिक महिलाएं कोरबा से रायपुर आई हुई थीं। उन सभी को लौटते समय रायपुर से हसदेव एक्सप्रेस मिली, जिसको रीशेड्यूल करते हुए रेल प्रशासन ने 26 मई की शाम 6 बजे के बजाय रायपुर से ही रात को 9.23 बजे छोड़ा। अपने बच्चों के साथ अकेले इस ट्रेन पर सवार सैकड़ों महिला यात्री परेशान होने लगीं।

- ट्रेनों के लेट होने के कारण स्टेशन से देर रात घर पहुंचने में यात्रियों को हो रही दिक्कत

**लंबी दूरी के साथ छोटी दूरी की ट्रेनों का भी बिगड़ा समय**



### देर रात पहुंची ट्रेन, नहीं मिला ऑटो

ट्रेनों के लगातार लेट होने से रेलवे ट्रेनों को रीशेडयूल कर रहा है, लेकिन इसकी सूचना फोन पर यात्रियों को नहीं मिल रही है। यात्रियों ने हरिभूमि को बताया कि स्टेशन जाने पर रीशेडयूल होने की जानकारी मिली। हसदेव एक्सप्रेस अपने अंतिम स्टेशन कोरबा रात को 9.45 बजे के बजाय अगले दिन 27 मई को यानी 26 और 27 मई की दरमियानी रात 2.32 बजे पहुंची। यह ट्रेन भाटापारा स्टेशन पर शाम को 6.53 की जगह रात को 10.27 पर और जोन मुख्यालय बिलासपुर स्टेशन पर शाम को 7:55 बजे के बजाय रात 12:50 पर पहुंची। ट्रेन ▶▶| शेष पेज 14 पर

### शाम से रात तक स्टेशन में ट्रेन का इंतजार

26 मई रविवार होने के कारण कोरबा जाने महिला यात्रियों की संख्या अधिक थी, जिसमें कई अकेले सफर कर रही थीं। ऐसे यात्रियों को गंतव्य स्टेशन पर पहुंचने के बाद देर रात अपने घर पहुंचने के लिए भी परेशानी का सामना करना पड़ा। यह ट्रेन चांपा रात में 8:56 के बजाय रात को 2:00 बजे और कोरबा 9:45 के बजाए 2:32 पर पहुंची। रीशेडयूल की जानकारी यात्रियों को स्टेशन आने पर मिली, जिसके कारण यात्रियों को शाम से रात तक स्टेशन में इंतजार करना पड़ा।

---

## यात्रियों के लिए विमानतल पर खुले दो नए फूड आउटलेट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

स्वामी विवेकानंद एयरपोर्ट के माध्यम से अपनी यात्रा पूरी करने वालों को विमानतल पर खानपान के साथ शॉपिंग की सुविधा भी मिल रही है। हाल ही में शुरू किए गए दो नए फूड आउटलेट के साथ टर्मिनल भवन के भीतर इनकी कुल संख्या आधा दर्जन हो ▶▶| शेष पेज 14 पर



- टर्मिनल के भीतर खानपान के लिए अब छह दुकानें संचालित

### इस तरह की सुविधा

भूतल में पैक्ड फूड, सॉफ्ट ड्रिंक के दो शॉप के अलावा लक्जरी चॉकलेट शॉप की सुविधा दी जा रही है। इसके साथ ही विभिन्न प्रकार के आवश्यक सामान के साथ बस्तर ट्राइबल सहित छत्तीसगढ़ के स्थानीय आर्ट को भी यात्रियों के बीच मंच प्रदान किया गया है। यहां से राज्य की कला देश के अन्य शहरों तक पहुंच रही है।

**पाठक सूचना**

हरिभूमि के सुधि पाठकों को अखबार की प्रतियां नहीं मिल रही हो या अन्य अखबार दिया जा रहा हो तो हमें निम्न नंबर पर संपर्क करें या वाट्सअप करें

9827555678, 8224868411

## खबर संक्षेप



### उप-मुख्यमंत्री शर्मा ने आईजी सुंदरराज के पिता को दी श्रद्धांजलि

**रायपुर।** उप-मुख्यमंत्री व गृहमंत्री विजय शर्मा रविवार को बस्तर आईजी सुंदरराज पी. के पिता के दुःखद निधन पर उनके गृहग्राम सरवनमपट्टी (कोएम्बतूर, तमिलनाडु) जाकर श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने शोकाकुल परिजनों से आत्मीय भेंट कर अपनी संवेदना व्यक्त की और उन्हें ढाढ़स बंधाया। सुंदरराज पी. के पिता का पिछले दिनों उनके गृहग्राम सरवनमपट्टी (कोएम्बतूर, तमिलनाडु) में निधन हो गया। आईपीएस सुंदरराज पी. पर बस्तर आईजी के तौर पर महत्वपूर्ण जिम्मेदारी है।

### दो आईएएस ने चुनी ओल्ड पेंशन

**रायपुर।** भारतीय प्रशासनिक सेवा के 2004 बैच के अधिकारी एलेक्स व्हीएफ पॉल मेनन और भुवनेश यादव 2004 बैच ने पुरानी पेंशन योजना (ओपीएस) का चयन किया है। इस संबंध में सामान्य प्रशासन विभाग ने राजपत्र में एक अधिसूचना का प्रकाशन कराया है। अधिसूचना में कहा गया है कि भारत सरकार, कार्मिक लोक शिकायत एवं पेंशन मंत्रालय, कार्मिक और प्रशिक्षण विभाग नई दिल्ली के परिपत्र 2023 द्वारा अखिल भारतीय सेवा के अधिकारी जिन्हें पेंशन प्रणाली (एनपीएस) से पहले भर्ती के लिए विज्ञापत, अधिसूचित, रिक्त पदों के विरुद्ध नियुक्त किया गया है और जो 1 जनवरी 2024 या उसके बाद सेवा में शामिल होने पर राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली (एनपीएस) में शामिल किए गए हैं, उन्हें अखिल भारतीय सेवाएं नियम 1958 के तहत पुरानी पेंशन योजना (ओपीएस) के प्रावधानों के तहत शामिल करने के लिए एक बार विकल्प देने का लेख किया गया है। इन दोनों अधिकारियों को ओपीएस में शामिल करने की अनुमति प्रदान करते हुए उसकी सभी अनुवर्ती लाभ प्रदान किए जाते हैं।

### रक्तदान शिविर आज

**रायपुर।** इंस्टीट्यूट ऑफ कॉस्ट अकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया के स्थापना दिवस के अवसर पर आईसीएमएआई-रायपुर चैप्टर लाइफ केयर ब्लड सेंटर के सहयोग से रक्तदान शिविर का आयोजन किया जा रहा है। यह शिविर अवंति विहार स्थित आईसीएमएआई-रायपुर चैप्टर, आर-7 सेक्टर-2 में 28 मई को सुबह 10 बजे से शाम 6 बजे तक जारी रहेगा। यह जानकारी कार्यक्रम आयोजक ने देते हुए बताया कि प्रत्येक व्यक्ति, जो 18-65 वर्ष की आयु का हो और वजन कम से कम 50 किलो एवं अच्छा स्वास्थ्य है एवं अच्छा महसूस कर रहा है, वह रक्तदान का महान कार्य कर सकता है।

# पेड़ों पर लगे विज्ञापन-साइन बोर्ड, बिजली के तार हटाने का आदेश

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायपुर

नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग के संचालक ने प्रदेश के सभी नगर निगम आयुक्त, सभी पालिकाओं और नगर पंचायतों के सीएमओ से कहा है कि वे अपने क्षेत्र में पेड़ों पर लगे सभी विज्ञापन-साइन बोर्ड, किसी भी प्रकार के बोर्ड या साइनेज, बिजली के वायर और हाईटेंशन लाइन को हटाएं।

यह आदेश दरअसल इसलिए दिया गया है कि जल्द ही मानसून आने वाला है। बारिश के साथ ही कई क्षेत्रों में बाढ़ आने की आशंका भी है। इसे देखते हुए आवश्यक व्यवस्था बनाने के लिए ये कदम उठाए जा रहे हैं। दूसरी ओर आवास एवं पर्यावरण विभाग के सचिव की अध्यक्षता में कुछ दिनों पहले नदियों के पुर्नुद्धार वाली कमेटी की बैठक में भी इस संबंध में निर्देश दिए गए थे।

नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग ने भारी बारिश एवं बाढ़ से उत्पन्न होने वाली स्थिति के मद्देनजर कहा है कि नाले और नालियों की पूरी और नियमित सफाई कर अंतिम छोर तक की जाए। किसी भी प्रकार से नदी, जल निकाय प्रदूषित न हों। निर्माणाधीन नाले नालियों में पानी बहाव के रास्ते में से निर्माण सामाग्री को हटाएं ताकि पानी बहता रहे।

- सभी नगर निगम, पालिका, नगर पंचायत को करना है ये काम
- बारिश, बाढ़ की आपदा से लोगों को बचाने की पहल



### बाढ़ नियंत्रण कक्ष 24 घंटे चालू रहे

नगरीय निकायों से कहा गया है कि बाढ़ नियंत्रण कक्ष स्थापित करें और उनके लिए नोडल अधिकारी नियुक्त करें। यह नियंत्रण कक्ष 24 घंटे कार्यरत रहना चाहिए। निचली बस्तियों में बाढ़ग्रस्त क्षेत्रों की पहचान करें। इसके साथ ही संभावित प्रभावित का अनुमान कर अस्थाई रूप से प्रभावित के लिए सुरक्षित स्थान की पहचान कर लें। बाढ़ग्रस्त क्षेत्रों में पीने के साफ पानी की व्यवस्था हो। बाढ़ के दौरान और बाढ़ के प्रभाव के समाप्त होने के बाद संक्रामक बीमारियों की आशंका बनी रहती है। ऐसी स्थिति में संबंधित विभाग को इसकी सूचना दें। सभी लोक प्राधिकारियों से कहा गया है कि वे सुनिश्चित करें कि पेड़ों के चारो तरफ की गई कांक्रीट को एक मीटर वृत्त में हटाया जाए और भविष्य में एहतियात बरती जाए कि कंक्रीट या निर्माण या सुधार कार्य पेड़ों के एक मीटर के वृत्त में नहीं किया जाए।

**माना से साढ़े पांच लाख का मुनाफा**

# सरेंडर हुए 5 अहातों की घटाई सरकारी बोली, इसलिए 45 लाख के घाटे में गए

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायपुर

रायपुर जिले में सरेंडर हुए 5 अहातों के दोबारा निकाले गए टेंडर में आबकारी विभाग को 45 लाख 34 हजार रुपये का नुकसान हुआ है। इसका कारण दोबारा टेंडर प्रक्रिया के दौरान इन सभी अहातों की पूर्व सरकारी बोली घटाकर टेंडर निकाला गया है, ताकि सभी अहाते ठेके पर चले जाएं, क्योंकि इससे पहले निकाले गए टेंडर में माना देशी अहाता के लिए एक भी आवेदन नहीं आया था। यही कारण है कि विभाग ने माना के साथ सरेंडर हुए 5 अहातों की भी सरकारी बोली घटाकर टेंडर निकाला, जिसके परिणाम स्वरूप सभी अहाते भी ठेके पर उठ गए।

आबकारी विभाग की नई नीति के तहत रायपुर जिले में 56 अहातों का टेंडर निकाला गया था। इनमें से एक को छोड़कर 55 अहातों के लिए बोली लगाई गई थी। टेंडर के नियम के अनुसार सबसे ऊंची बोली वालों को ठेका दिया गया था, लेकिन ठेका मिलने के बाद 5 लोगों ने अहाता चलाने से इनकार कर दिया था, जिसके कारण इन अहातों के अलावा देशी अहाता माना जिसके लिए एक भी आवेदन नहीं आया था, के लिए दोबारा टेंडर निकाला गया।


पहले टेंडर में माना देशी अहाता के लिए एक भी आवेदन नहीं आया था
सरेंडर अहातों का ठेका सेकेंड ऊंची बोली वाले को नहीं, विभाग दोबारा निकालेगा टेंडर

### डेढ़ से ढाई लाख रुपये तक घटाकर निकाला गया टेंडर

देशी माना सहित सरेंडर सभी 6 अहातों के लिए विभाग ने डेढ़ से ढाई लाख रुपये तक बोली की कीमत कम करके टेंडर निकाला है। टेंडर की सरकारी बोली घटाने के कारण बोली लगाने वालों ने भी पूर्व बोली की तुलना में कम बोली लगाई थी। इसके कारण सरेंडर हुए सभी अहातों के लिए ऑनलाइन बोली में लोगों ने राशि भी कम डाली है। यही कारण है कि पिछली बार की तुलना में सरेंडर हुए सभी अहाता कम ठेके पर गए हैं।

### 6 अहाता के लिए 14 आवेदन

अहातों का टेंडर के लिए ऑनलाइन आवेदन मंगाए गए थे। दूसरे चरण में 6 अहातों के लिए 14 लोगों ने ही आवेदन किया था। इनमें सबसे ऊंची बोली लगाने वालों को ठेका दिया गया है।

### इस रेट पर गए अहाते

| अहाता | पुराना ठेका | नया ठेका | इतने घाटे में गया |
|---|---|---|---|
| देशी उरला अभनपुर | 4511000 | 3601000 | 910000 |
| देशी कम्पोजिट संतोषीनगर | 2811000 | 2221000 | 590000 |
| विदेशी सड्डू गोलबाजार | 2835000 | 2551900 | 284900 |
| विदेशी कटोरा तालाब | 4511000 | 3175000 | 1336000 |
| विदेशी फाफाडीह | 3065000 | 1651900 | 1413100 |
| | | | फायदे में गया |
| देशी माना | 1436000 | 1986000 | 550000 |

### 17 करोड़ से अधिक का राजस्व मिलेगा

जिले में अब सभी 56 अहातों का टेंडर हो चुका हैं। इन अहातों के ठेके पर जाने से विभाग को लगभग 17 करोड़ रुपये का राजस्व मिलेगा। अहातों का ठेका 11 माह के लिए 1 मई से 31 दिसंबर तक दिया गया है।

### सरकारी बोली घटाकर टेंडर निकाला

56 में से एक अहाता के लिए आवेदन नहीं आया था, वहीं 5 लोगों ने सरेंडर कर दिया था। शेष 6 अहाते भी ठेके पर चले जाएं, इसे प्राथमिकता देते हुए टेंडर सरकारी बोली घटाकर निकाला गया।

**– विकास गोस्वामी**
उपायुक्त, आबकारी रायपुर

# मतगणना में हर टेबल पर एक एजेंट नियुक्त कर सकेंगे प्रत्याशी

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायपुर




छत्तीसगढ़ के 11 लोकसभा क्षेत्रों में मतगणना को लेकर कांग्रेस ने हर विधानसभा वार लगने वाले टेबल के अनुसार एजेंटों की नियुक्ति के लिए जिला निर्वाचन अधिकारी को नाम दिए हैं। निर्वाचन अधिकारी द्वारा दिए गए नामों का वेरीफिकेशन कर मतगणना स्थल के लिए पास जारी किया जाएगा। सभी एजेंटों को मतगणना शुरू होने के आधे घंटे पूर्व वहां पर रिपोर्टिंग करनी होगी।

कांग्रेस ने सभी लोकसभा के आधार पर हर विधानसभा क्षेत्र के अपने कार्यकर्ताओं को मतगणना में लगाने का निर्णय लिया है। लोकसभा प्रत्याशियों ने अपने समर्थकों और पिछले चुनावों में एजेंट के रूप में काम कर चुके लोगों को ही इस काम में लगाया है। लोकसभा चुनाव में पड़े मतों की गणना चार जून को होनी है। जिला प्रशासन और निर्वाचन कार्यालय तैयारियों में जुट गया है। तय किया गया है एक मतगणना टेबल पर प्रत्याशी का एक ही एजेंट रहेगा। विधानसभावार मतगणना कराई जाएगी। उसी अनुसार टेबल लगेंगी। एक विधानसभा क्षेत्र में 16 टेबल लगेंगी। इनमें एक आरओ की होगी, इस प्रकार एक प्रत्याशी को मतगणना के लिए लगभग 144 एजेंट चाहिए होंगे। कड़ी सुरक्षा में मतों की गणना होगी। दोपहर 12 बजे तक स्पष्ट रुझान भी आ जाएगा। सुरक्षा के लिहाज से पैरा मिलिट्री फोर्स और स्थानीय पुलिस को मतगणना कक्षों में लगाया जाएगा।

### दो जिलों में होगी रायपुर लोकसभा की गिनती

रायपुर लोकसभा में कुल 9 विधानसभा हैं, यहां पर हर विधानसभा में 16 टेबल मतों की गिनती के लिए लगेंगे। उसके आधार पर हर टेबल पर एक एजेंट को नियुक्त किया जाएगा। रायपुर के 7 विधानसभा क्षेत्रों की गिनती इंजीयनिरिंग कॉलेज रायपुर में होगी। दो विधानसभा क्षेत्र की गिनती बलौदाबाजार कृषि उपज मंडी में की जाएगी।

### 4 जिलों की बस्तर में गिनती

बस्तर लोकसभा में 8 विधानसभा हैं। इनमें नारायणपुर, दंतेवाड़ा, बीजापुर, सुकमा और कोंडागांव विधानसभा की गिनती उन्हीं जिलों के स्ट्रांग रूम में कराई जाएगी। वहीं बस्तर, जगदलपुर और चित्रकोट विधानसभा की गिनती जगदलपुर में होगी। गिनती पूरी होने के बाद परिणाम की घोषणा जगदलपुर में की जाएगी।

### 2 जिलों में होगी बिलासपुर की गितनी

बिलासपुर लोकसभा क्षेत्र में 8 विधानसभा क्षेत्र आते हैं। इनमें कोटा, तखतपुर, बिल्हा, बिलासपुर, बेलतरा, मस्तुरी विधानसभा की गिनती बिलासपुर जिले में होगी। वहीं लोरमी और मुंगेली विधानसभा की गिनती मुंगेली जिले में होगी। दुर्ग लोकसभा क्षेत्र में 9 विधानसभा क्षेत्र आते हैं। यहां पर मतगणना दो जिलों में होगी।

# प्रत्याशियों के एजेंट को मतगणना स्थल पर बैठने के लिए समय पर पहुंचना होगा, आवेदन एक जून तक

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायपुर

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ गौरव सिंह ने सोमवार को 4 जून को सेजबहार में होने वाली मतगणना को लेकर प्रत्याशियों और राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों की बैठक ली। इस दौरान उन्होंने कहा कि सभी प्रत्याशियों को अपने या पार्टी की ओर से एजेंट को मतगणना स्थल पर बैठाने के लिए 1 जून तक आवेदन करना होगा, साथ ही एजेंट को मतगणना स्थल पर बैठने के लिए साढ़े सात बजे तक समय पर पहुंचना होगा।

रेडक्रास सभाकक्ष में बैठक के दौरान कलेक्टर ने कहा कि डाक मतपत्रों को कलेक्टोरेट परिसर



स्थित जिला कोषालय के स्ट्रांगरूम से 4 जून को सुबह 6 बजे मतगणना स्थल शासकीय इंजीनियरिंग कॉलेज सेजबहार के डाक मतपत्र गणना हॉल में ले जाया जायेगा। साथ ही प्रत्याशी स्वयं एवं उनके एजेंट चाहें तो इस समय आ कर पूरी प्रक्रिया देख सकते हैं। मतगणना एजेंट के लिए आवेदन 1 जून तक तक लिया जाएगा। रायपुर जिले के 7 विधानसभाओं के आवेदन रिटर्निंग ऑफिसर कक्ष 2 में और बलौदाबाजार, भाटापारा संबंधित एआरओ के पास जमा करेंगे।

### तम्बाकू-गुटका सिगरेट भी बैन

कलेक्टर ने कहा कि मतगणना कक्ष में मोबाइल फोन, पेन ड्राइव, साइंटिफिक कैलकुलेटर, स्मार्ट वॉच एवं अन्य इलेक्ट्रॉनिक गैजेट्स के साथ-साथ सिगरेट, तम्बाकू, गुटका आदि के उपयोग की भी अनुमति नहीं होगी, इसलिए एजेंड पाउच या पैकेट भी साथ में न लेकर जाएं। बैठक में नगर निगम आयुक्त अबिनाश मिश्रा, उप जिला निर्वाचन अधिकारी उमाशंकर बंदे सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

### राज्य वाणिज्य कर मंत्री को चैंबर आज सौंपेगा ज्ञापन

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ चैंबर आफ कामर्स एंड इंडस्ट्रीज के पदाधिकारी ईज डूइंग बिजनेस के तहत ई-वे बिल से संबंधित पूर्व अधिसूचना को यथावत जारी रखने का आग्रह करते हुए राज्य वाणिज्य कर मंत्री ओपी चौधरी से मुलाकात करेंगे। चैंबर के प्रदेश अध्यक्ष अमर पारवानी, कार्यकारी अध्यक्ष विक्रम सिंहदेव ने बताया कि 28 मई को चैंबर का प्रतिनिधि मंडल इस संबंध में ईज डूइंग बिजनेस के तहत ई-वे बिल से संबंधित पूर्व अधिसूचना को यथावत रखने मंत्री ओपी चौधरी से निवेदन करेगा। इसके लिए चेंबर प्रतिनिधिमंडल ने विभागीय मंत्री से समय लिया है। मुलाकात के दौरान ई–वे बिल से संबंधित वस्तुओं पर मिलने वाली छूट तथा ई-वे बिल की संख्या एवं अनुपालन से संबंधित जटिलताओं पर विस्तार से चर्चा की जायेगी।

# बैज ने डिप्टी सीएम शर्मा को लिखा पत्र, पूछा- नक्सली मुठभेड़ की जांच कराने से क्यों घबरा रही सरकार

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायपुर

पीडिया और कांकेर नक्सली मुठभेड़ की जांच कराने की मांग को लेकर पीसीसी चीफ दीपक बैज ने उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा को पत्र लिखा है। उन्होंने पूछा कि दोनों नक्सली मुठभेड़ों की जांच कराने से सरकार क्यों घबरा रही है। उन्होंने अपने पत्र में लिखा कि कल आपने पत्रकार वार्ता लेकर पीडिया मुठभेड़ मामले में कांग्रेस जांच दल के उठाए गए तथ्यों पर आपत्ति व्यक्त की थी। उन्होंने लिखा है कि पीडिया मुठभेड़ हो या कांकेर की कोयलीबेड़ा मुठभेड़, कांग्रेस पार्टी ने अपनी ओर से सवाल नहीं खड़ा किया, सवाल वहां के ग्रामीणों ने खड़ा किया है।

कांग्रेस ने ग्रामीणों की मांग के बाद जांच कमेटी बनाई और जांच कमेटी में सभी आदिवासी नेता शामिल थे। जांच कमेटी ने ग्रामीणों से बात करने के बाद जो तथ्य पाया वह दुखद है। ग्रामीण और साक्ष्य बता रहे कि मुठभेड़ में मारे गए कुछ लोग निर्दोष थे, तो सरकार को इस मामले की जांच कराने से क्या परहेज है? हाईकोर्ट के वर्तमान जज की देखरेख में जांच करा ली जाए, ताकि स्थितियां साफ हो सकें। उन्होंने कहा, कांकेर में हुई मुठभेड़ में मारे गए लोगों के भी नक्सली होने पर सवाल खड़ा हुआ था, तब भी जांच की मांग हुई थी, सरकार ने जांच क्यों नहीं करवाई थी?


कांग्रेस नक्सलियों के नाम पर अपनी राजनीतिक दुकानदारी चलाना चाहती है : श्रीवास्तव

### आदिवासियों की जान की शर्त पर शांति मंजूर नहीं

उन्होंने पत्र में लिखा कि उप मुख्यमंत्रीजी बस्तर में शांति के लिए जितने चिंतित आप हैं, उतनी ही चिंतित कांग्रेस पार्टी भी है। कांग्रेस बस्तर में शांति बहाली के सरकार के हर कदम के साथ खड़ी है, लेकिन यह प्रयास बस्तर के मासूम आदिवासियों की जिंदगी की शर्त पर होंगी, तो यह हमें मंजूर नहीं। उन्होंने कहा, नक्सलियों से सुझाव मांगने वाली सरकार को विपक्ष की बात भी सुननी चाहिए। उन्होंने अपने पत्र में रमन सरकार में घटित फर्जी मुठभेड़ों का भी जिक्र किया।

### सुझाव मांगने पर भी नकारात्मक राजनीति कर रही कांग्रेस- श्रीवास्तव

इधर भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश महामंत्री संजय श्रीवास्तव ने प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज द्वारा लिखे गए पत्र को कोरी राजनीतिक जुमलेबाजी करार दिया है। उन्होंने कहा, शांति और भरोसे की बात कम-से-कम कांग्रेस और उसके प्रदेश अध्यक्ष न ही करें, तो बेहतर है। उन्होंने कहा, मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में प्रदेश की भाजपा सरकार नक्सल उन्मूलन की दिशा में तेजी से आगे बढ़कर लगातार विकास के माध्यम से विश्वास बहाली में जुटी है। भाजपा की सरकार ने नक्सल प्रभावित आदिवासी इलाकों तक विकास के कार्य किए हैं और नक्सलियों का हौसला तोड़ने का काम किया है। उन्होंने कहा, बेहतर होता यदि प्रदेश हित में नक्सलवाद को खत्म करने, नक्सली गतिविधियों को रोकने के लिए बैज कोई सार्थक व सुपरिणामकारी सुझाव देते। उनके उन सुझावों पर निश्चित ही प्रदेश सरकार अमल करती, लेकिन दुर्भाग्य है कि कांग्रेस नक्सलियों के नाम पर अपनी राजनीतिक दुकानदारी चलाना चाहती है। कुल मिलाकर एक सुझाव मांगने के नाम पर भी प्रदेश कांग्रेस कमेटी राजनीति कर रही है, फरेब कर रही है।

**न्यायालय नायब तहसीलदार रायपुर, जिला रायपुर (छ.ग.)**

**// ईश्तहार //**

रायपुर, दिनांक 21/05/2024

रा.प्र.क्रमांक/202405113800018/अ-6/2023-2024
ग्राम रायपुरा प.ह.नं. - 57,
तहसील व जिला रायपुर

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदकगण (1) धनंजय निर्मलकर पिता विष्णु प्रसाद निर्मलकर (2) श्रीमती तामेश्वरी उर्फ तनु निर्मलकर पति श्री धनंजय निर्मलकर दोनो निवासी रायपुरा महादेव घाट तहसील व जिला रायपुर द्वारा आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है कि उनके द्वारा ग्राम रायपुरा, प.ह.नं. 57, रा.नि.मं. रायपुर तहसील व जिला रायपुर स्थित भूमि जिसका खसरा नंबर 572/214 रकबा 0.009 हे. याने 1000 वर्गफुट भूमि को विक्रेता श्रीमती हेमलता तिवारी पति स्व. श्री दीपक तिवारी निवासी शिवोम विहार कालोनी सांई दरबार रोड महादेव घाट रोड तहसील व जिला रायपुर से पंजीकृत विक्रय विलेख दिनांक 08/01/2019 के माध्यम से क्रय कर स्वामित्व एवं आधिपत्य प्राप्त किया किया है। अतः उक्त क्रय भूमि को पंजीकृत बैनामा के आधार पर अपने नाम पर भूमिस्वामी हक में दर्ज किये जाने हेतु आवेदिका का निवेदन है। उक्त प्रकरण की सुनवाई में दिनांक 13/06/2024 को होगी।

अतएव उक्त भूमि को आवेदक के नाम नामांतरण किये जाने से जिस किसी व्यक्ति/संस्था को कोई आपत्ति हो वे स्वयं या अपने अभिभाषक के माध्यम से अपनी लिखित आपत्ति दिनांक 13/06/2024 को इस न्यायालय में प्रस्तुत कर सकते है। बाद मियाँद प्राप्त आपत्ति पर इस न्यायालय द्वारा कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 21/05/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

मुहर

**नायब तहसीलदार**
**रायपुर (छ.ग.)**

**न्यायालय नायब तहसीलदार महासमुन्द, जिला-महासमुन्द (छ.ग.)**

रा.मा.क्र.-202404122500001/अ-6 वर्ष 2023-24 ग्राम- चिगरौद, प.ह.न. 39
रा.नि.म. बरोण्डाबाजार तहसील व जिला-महासमुन्द

**ईश्तहार**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण आम जनता समस्त ग्रामवासी को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि, आवेदक लालाराम साहू पिता स्व. सेवाराम साहू जाति तेली निवासी ग्राम चिंगरौद तहसील व जिला महासमुंद द्वारा ग्राम चिंगरौद प.ह.न. 39, रा.नि.मं. बरोण्डाबाजार में स्थित भूमि ख.नं. 468/1 रकबा 0.174 हे. लगान 0.40 पैसा. भूमि को विक्रेता मीराबाई पति बल्देव जाति डेहरिया निवासी पुरानी बस्ती रायपुर, तहसील व जिला रायपुर से आवेदक के पिता सेवाराम साहू पिता फुलसिंग साहू ने पंजीकृत-बैनामा दिनांक 22.03.1993 के माध्यम से क्रय किया है। जो बंदोबस्त पूर्व का है जिसका रिनम्बरिंग नया खसरा नं. 1043 रकबा 0.22 निर्माण हुआ है। जो अनावेदिका के नाम पर दर्ज चली आ रही है चूँकि आवेदक के पिता सेवाराम साहू पिता फुलसिंग का मृत्यु दिनांक 20.10.2022 को हो जाने के कारण उक्त भूमि पर से विक्रेता का नाम विलोपित कर क्रेता के विधिक वारिसान के नाम पर नामांतरण करने हेतु आवेदन पत्र के साथ बैनामा, मृत्यु प्रमाण पत्र एवं तलवाना सहित आवेदन प्रस्तुत किया गया है। जिसका प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधीन है।

इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति/संस्था को उजर / दावा / आपत्ति पेश करना है तो वह नियत पेशी तिथि दिनांक 07.06.2024 को स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर नियत तिथि तक आपत्ति / दावा पेश कर सकते है। नियत तिथि के पश्चात प्राप्त आपत्ति / दावा पर कोई विचार नही किया जावेंगा।

आज दिनांक 22.05.2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पदमुद्रा से जारी किया गया।

मुहर

**नायब तहसीलदार**
**महासमुंद (छ.ग.)**

**आम-सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि इस कार्यालय के पत्र क्रमांक 842 दिनांक 05.03.2012 के द्वारा नवा रायपुर अटल नगर सेक्टर-29, में स्वतंत्र भवन क्रमांक- जुनियर एम.आई.जी.- I/288, को श्री दिनेश कुमार कौशिक पिता स्व. श्री एन. एस. कौशिक, के नाम पर स्ववित्तीय आधार पर आबंटित किया गया है। आबंटी द्वारा पंजीयन कार्यालय रायपुर से दिनांक 21.08.2015 को लीजडीड (पट्टा विलेख) का निष्पादन करा लिया गया है। वर्तमान में श्री दिनेश कुमार कौशिक पिता स्व. श्री एन.एस. कौशिक, निवासी- प्लाट नं. 86, कोसाबाड़ी (निहारिका) कोरबा, जिला-कोरबा (छ.ग.) के द्वारा उक्त भवन को क्रेता श्रीमति रामेश्वरी ध्रुव पति श्री गोपी राम ध्रुव, निवासी:-205, कुम्ही, गरियाबंद, किरवई, जिला-गरियाबंद (छ.ग.) को विक्रय करने के लिये अनापत्ति प्रमाण पत्र (एन.ओ.सी) प्रदाय करने हेतु इस कार्यालय में अपना आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

अतः नवा रायपुर अटल नगर सेक्टर-29, में स्थित स्वतंत्र भवन क्रमांक- जुनियर एम.आई.जी.- I/288, के विक्रय के सबंध में किसी व्यक्ति शासकीय व अर्ध्दशासकीय संस्था, निकाय, बैंक, अथवा वित्तिय संस्था, को कोई आपत्ति हो तो इस आम सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के अन्दर लिखित आपत्ति मये दस्तावेज अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में प्रस्तुत करें। अन्यथा बाद में प्राप्त होने वाली आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा ।

**संपदा अधिकारी , छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल संपदा प्रबंधन प्रक्षेत्र राजधानी परियोजना नवा रायपुर, अटल नगर जिला रायपुर (छ.ग.)**



### करबला तालाब पर कब्जा विरोध में उतरे भाजपा पार्षद

**रायपुर।** राजधानी के स्वामी आत्मानंद वार्ड स्थित ऐतिहासिक करबला तालाब में सौंदर्यीकरण के नाम पर तालाब की जमीन पाटने को लेकर नेता प्रतिपक्ष मीनल चौबे के नेतृत्व में भाजपा पार्षदों ने स्थल पर प्रदर्शन किया। भाजपा पार्षद दल का कहना है कि करबला तालाब यानी आत्मानंद सरोवर में अवैध निर्माण किया जा रहा है। सौंदर्यीकरण के नाम पर तालाब की जमीन पाटी जा रही है। भाजपा पार्षद दल के विरोध के बाद नगर निगम व स्मार्ट सिटी के अधिकारी मौके पर पहुंचे और रास्ते पर कंस्ट्रक्शन मटेरियल रखकर रास्ता जाम करने वालों का सामान जब्त किया।

Health Town

मूत्र किडनी एवं प्रोस्टेट

समस्त किडनी रोग गुर्दा, नेफ्रोलाजी किडनी में सूजन दर्द पेशाब कम होना या रूकावट जलन, सिरम क्रिएटिनिन, यूरिक एसिड, यूरिया का बढ़ना पैरो या आंखो में सूजन अगर डायलिसिस में चल रहे हो या किडनी बदलने कि नौबत आ गई हो तो इस चिकित्सा से जीवन बच सकता है, यह चिकित्सा किडनी के नेफ्रान्स सेल को पुनः एक्टीवेट (रिजनरेट) अर्थात् फिर से जीवन प्रदान करता है यूरेथ्रास्ट्रेक्चर (मूत्र नली का सिकुड़न) पेशाब न उतरना, बूंद बूंद टपकना या बन्द होना, आपरेशन कि आवश्यकता नहीं होती एवं पेशाब में जलन, पीला लालिमा रहना या खून या मवाद आना ।प्रोस्टेट विकार बार बार पेशाब होना, बूंद-बूंद या रूकना, इसके कारण सेक्स में आई कमजोरी। समय : 11 से 3 बजे तक

जीवन ज्योति क्लीनिक डॉ. आर अग्रवाल (हर्बल मेडिसीन) नया बस स्टैण्ड के अंदर, गोलू पोहा जलेबी होटल के ऊपर शॉप नं. 25 दुर्ग (छ.ग.) स्थायी चिकित्सा परामर्श के लिए मिले मो. 7587099540 (आने से पहले फोन करें)

विज्ञापन हेतु संपर्क करें: 0771- 4242213, 7987119756, 9303508133





Education Time

MODEL ENGLISH HR. SEC. SCHOOL
"Education makes future better"
Special Discount on ADMISSION FEES
ADMISSION OPEN Nursery to 12th (Biology, Maths, Commerce) Register Now at www.mesraipur.com
Highlight
● Spoken English & Personality Development Classes ● Transport & Surveillance Facility ● Monthly Seminar & Discussion ● Personal attention on each students ● Scholarship will be provided for students coming from other schools who score above 90%



Civil lines, Katora Talab Road, Raipur (C.G.) Contact:- 07771-4000123

ROYAL PUBLIC SCHOOL
Play Group Nursery Pre Primary Class I to XII (Science, Commerce, Bio, Arts)
Special Discount on ADMISSION FEES
ADMISSION OPEN Nursery to 12th Register Now at www.rpsraipur.com
Silent Features
● Extra curricular activities ● Personal attention to each student Limited student in each class ● Music, Dance, personality development classes ● Yoga ● Scholarship will be provided for students coming from other schools who score above 90%



Mathpurena, Chourasiya Colony, Raipur, (C. G.) Mo.:- 9589085558,9329621221, Email:- rpsraipur123@gmail.com

Contact to Add Your School - 79871-19756



## खबर संक्षेप



### मां बंजारी शक्ति पीठ की बैठक में कई प्रस्ताव पारित

तिल्दा नेवरा। माँ बंजारी धाम में श्री माँ बंजारी शक्ति पीठ खपरी (मढ़ी) की मासिक बैठक आहूत की गई। कोषाध्यक्ष ठाकुर राम वर्मा ने तत्संबंध में विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि बैठक में धाम के विकास को विस्तार देने के उद्देश्यों पर प्रकाश डालते हुए उपस्थित पदाधिकारियों द्वारा निम्नलिखित महत्वपूर्ण विषयों पर सर्वसम्मति से प्रस्ताव पारित किए गए निर्धन वर कन्याओं के मंगल - परिणय सम्पन्न कराने हेतु सर्वसुविधायुक्त मांगलिक भवन एवं परिसर का निर्माण। ट्रस्ट द्वारा संचालित गौशाला विस्तार हेतु ग्राम खपरी की 5 एकड़ शासकीय भूमि का आबंटन। उपरोक्त दोनों निर्माण कार्य हेतु कुल 11 एकड़ शासकीय भूमि का प्रस्ताव पंचायत से पारित कराकर अधिकृत पट्टा बनाने हेतु समस्त औपचारिकताएं पूर्ण कर राजस्व विभाग को आवेदन प्रस्तुत किया जावे। बजट सत्र 2022-23 एवं 2023-24 की अंकेक्षण रिपोर्ट का अनुमोदन किया गया। एल एल वर्मा मढ़ी की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में महामंत्री ईश्वर वर्मा कोषाध्यक्ष ठाकुर राम वर्मा,सदस्यों में भागीरथी यद्ु,सुरेन्द्र वर्मा,नुमान पैंकरा, देवप्रकाश पैंकरा, परदेशी यादव,चुकुत राम यादव,संतोष कुमार कुर्रे,पुनीत राम यद्ु,जनक राम यद्ु,टीका राम पाल, गैंद राम नायक, अमरनाथ, परमेश्वर वर्मा,डॉ कुलदीप नायक, खेमनाथ नायक, चैनसिंह यद्ु, पाठक जी कनकी,रामनारायण वर्मा, पुजारी भरत तिवारी उपस्थित रहे।

### उप-मुख्यमंत्री शर्मा ने आईजी सुंदरराज के पिता को दी श्रद्धांजलि



रायपुर। उप-मुख्यमंत्री व गृहमंत्री विजय शर्मा रविवार को बस्तर आईजी सुंदरराज पी. के पिता के दुःखद निधन पर उनके गृहग्राम सरवनमपट्टी (कोएम्बतूर, तमिलनाडु) जाकर श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने शोकाकुल परिजनों से आत्मीय भेंट कर अपनी संवेदना व्यक्त की और उन्हें ढाढ़स बंधाया। सुंदरराज पी. के पिता का पिछले दिनों उनके गृहग्राम सरवनमपट्टी (कोएम्बतूर, तमिलनाडु) में निधन हो गया। आईपीएस सुंदरराज पी. पर बस्तर आईजी के तौर पर महत्वपूर्ण जिम्मेदारी है।

# टेकारी की नहर-नालियों की मरम्मत नहीं होने से चार हजार एकड़ की सिंचाई खटाई में

## किसानों ने विभागीय अधिकारियों को ज्ञापन सौंपकर शीघ्र समाधान की मांग की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| आरंग

सिंचाई विभाग के उदासीनता के चलते टेकारी सिंचाई पंचायत के अधीन आने वाले 9 ग्रामों के लगभग 4000 एकड़ खेतों को सिंचाई पानी पहुंचाने वाले नहर–नालियों के मरम्मत व साफ–सफाई न होने से आसन्न खरीफ फसल की सिंचाई मुश्किल है। ग्रामीणों से रूबरू हो चर्चा करने व नहर–नालियों के हालत की जायजा लेने अभी तक किसी विभागीय अधिकारी के इन ग्रामों में नहीं पहुंचने से किसानों में आक्रोश है। सिंचाई पंचायत क्षेत्र के ग्रामों के किसानों से मिलने निकले संस्था के पूर्व अध्यक्ष भूपेन्द्र शर्मा को यह जानकारी देते हुये किसानो ने इन नहर नालियों का अवलोकन भी कराया। श्री शर्मा ने विभागीय अधिकारियों को ज्ञापन प्रेषित कर आसन्न खरीफ फसल सिंचाई के पूर्व नहर नालियों के मरम्मत व साफ सफाई सुनिश्चित कराने का आग्रह किया है अन्यथा संभावित किसान आक्रोश के प्रति आगाह किया है। महानदी जलाशय परियोजना के जल प्रबंध संभाग क्रमांक 1 के उपसंभाग क्रमांक 4 के अधीन आता है टेकारी सिंचाई पंचायत। इसके वितरक शाखा नंबर 24 से 5 ग्राम टेकारी, कुंडा, कठिया, अमेरी व सकरी सहित सोनभट्ठा ग्राम के कुछ खेतों को मिला लगभग 2700 एकड़ खेतों को, सोनभट्ठा माइनर से खौली, सोनभट्ठा व बुडेनी के लगभग 800 एकड़ को व कठिया आऊटलेट से कठिया के करीबन 400 एकड़ खेतों को गंगरेल से सिंचाई पानी मिलता है।





### प्राथमिकता दें

किसानों से मुलाकात व जमीनी हालत का जायजा लेने के बाद श्री शर्मा ने जल प्रबंध संभाग क्रमांक 1 के कार्यपालन अभियंता ललित रावते व उपसंभाग क्रमांक 4 के अनुविभागीय अधिकारी प्रदीप पाल को व्हाट्स ऐप के माध्यम से ज्ञापन प्रेषित कर नहर नालियों का प्राथमिकता के आधार पर आवश्यक मरम्मत व साफ–सफाई सुनिश्चित कराने का आग्रह किया है और इसके अभाव में सिंचाई पानी पहुंचना मुश्किल ठहराते हुये संभावित किसान आक्रोश का जिम्मेदार विभागीय अधिकारियों के होने के प्रति आगाह किया है। ज्ञापन की प्रति मुख्य अभियंता कुबेर सिंह गुरुवर व अधीक्षण अभियंता एस.के. सहारे को भी सुनिश्चित व्यवस्था कराने के आग्रह के साथ व्हाट्स ऐप के माध्यम से भेजा गया है।

## गांव में स्थापित फटाख गोदामों से गांव दहशत का महौला, बेमेतरा कांड के बाद ग्रामीण हुए सतर्क

# उद्योगों के ध्वनि व कचरा प्रबंधन फैक्ट्री के प्रदूषण से कपसदा पंचायतवासी हैं परेशान



हरिभूमि न्यूज ▶▶| धरसींवा

- जिला प्रशासन और जनप्रतिनिधियों के संज्ञान में होने के बाद भी कार्रवाई की पहल नहीं

ब्लाक मुख्यालय धरसींवा से लगे ग्राम पंचायत कपसदा के उद्योग की कानफोड़ू आवाज और कचरा प्रबंधन की फैक्ट्री की बदबू से ग्रामीण परेशान हैं। बरसात में कचरे की वजह से महामारी फैलने की आशंका है। वहीं गांव में स्थापित फटका गोदामों से दहशत की स्थिति बनी हुई है। गांव की गलियों तक फैली उद्योग की दीवार पर कोई आवाज आती है इससे रातभर किसी अनहोनी की आशंका बनी रहती है। बेमेतरा जिला में हुए भीषण बारूद कांड के बाद ग्रामीण सतर्क हो गए है।

### कलेक्टर से करेंगे शिकायत


गांव से लगे फैक्ट्री की आवाज ऑर धमाको को लेकर ग्रामीण आज भी दहशत में है हम कई बार फैक्ट्री प्रबन्धन को बोल चुके है कि ध्वनि प्रदूषण कम करे मगर फैक्ट्री की मनमानी बढ़ती ही जा रही है वही कचरा फैक्ट्री की मनमानी को लेकर ग्रामीण जल्द ही कलेक्टर से गोहार लगाएंगे।

*-फूलचंद साहू,सरपंच कपसदा*

**केस 1**

### घरों की दीवारों तक पहुंची उद्योग की सीमा

बता दे कि कपसदा स्थित एक लोहा उद्योग की दीवार की सीमा ग्रामीणों की मकानों तक पहुच गए है अगर कम्पनी में किसी प्रकार की कोई बड़ी घटना हुई तो उसके छीटे गांव तक पहुच रही है बता दे कि कुछ वर्ष पूर्व फैक्ट्री में फर्नेस भट्ठी के फटने के बाद गांव में अफरातफरी मच गई थी और फर्नेश कि आग की लापटे गांव तक पहुच गई थी। आज भी ग्रामीणों का कहना है कि अगर फैक्ट्री में कोई लोहा गिरने की आवाज आ जाये तो ग्रामीण किसी अनहोनी की आशंका में रतजगा करते है ऑर फैक्ट्री की कानफोड़ू आवाज के बीच जीवन जीने को मजबूर है ग्रामीण।



**केस 2**

### कचरा प्रबंधन उद्योग की बदबू से हैं परेशान

बता दे कि ग्राम पंचायत कपसदा से लगे हुए एक कचरा प्रबन्धन की फैक्ट्री है जंहा लाखो टन कचरा को डम्प किया गया है और हर रोज डम्प किया जा रहा है जिसकी बदबू से अब ग्रामीणों को भी डर सताने लगा है कि इस भीषण गर्मी में इस तरह की बदबू आ रही है तो बरसात में स्थिति भयानक हो सकती है। हरिभूमि की अपनी पड़ताल में भी पाया गया कि कचरा प्रबंधन फैक्ट्री की बदबू की गंध धरसींवा स्वास्थ्य केंद्र,धरसींवा बस स्टैंड,नगर पंचायत कुरा,तिबरैया तक इस कि बदबू फैली हुई है वही अगर इस इलाके की जांच स्थानीय जनप्रतिनिधियों और जिला प्रशासन करे तो सच्चाई सामने आ ही जाएगी।

**केस 3**

### बारूद के ढेर पर ग्रामीण और किसान

ग्राम पंचायत कपसदा में भी वही धमक की डर अब सताने लगी है जंहा शनिवार को हुए बेमेतरा में भीषण बारूद कांड हुए हैक्यो की गांव से लगे हुए और किसानों की खेती के बीचों बीच स्थान पर पटाखों के गोदाम स्थित है इन गोदाम के पास किसानों की भी जमीन है। साथ ही बता दें कि ऐसे बड़े-बड़े गोदाम में पटाखों के ढेर लगे हुए हैं, जहां कभी भी विस्फोट हो सकता है, स्थानीय निवासियों ने हादसे की आशंका व्यक्त करते हुए चर्चा करते हुए तत्काल ऐसे अवैध फटाका गोदाम को हटाने की मांग की है क्यो की किसानों को अब लगने लगा है कि बेमेतरा क्षेत्र में हुए बारूद के धमाकों से पूरा छत्तीसगढ़ हिला हुआ है, उक्त बारूद के धमाके में कइयों को जन चली गई है। ऐसे में अब गांव की खेतिहर इलको में में ऐसे फटाखा गोदामों को तत्काल हटाने की मांग स्थानीय निवासियों द्वारा की गई है।

# दूसरों की निंदा से स्वयं की बर्बादी होती है : आचार्य शर्मा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| तिल्दा नेवरा

ग्राम भैंसा (पौंसरी ) मे चल रही भागवत कथा के दूसरे आचार्य नंदकुमार शर्मा, निनवा तिल्दा वाले ने कहा कि चारों युगों में कलियुग सर्वश्रेष्ठ है। इस युग में भगवान का नाम लेने से ही भवसागर से मुक्ति मिलती है। लोगों की यह धारणा गलत है कि समय खराब है या यह खराब युग चल रहा है, जबकि वास्तविकता ऐसी नहीं है। वास्तव में हमें अपना चिंतन बदलने की आवश्यकता है। हमें अपनी अनुभूति को बदलना होगा। युग और समय तो अच्छा ही रहता है। अच्छे अनुभूति से अच्छे कार्य होते हैं। उन्होंने कहा कि मनुष्य का शरीर दुर्लभ है। इसके समान किसी अन्य प्राणी का शरीर नहीं है। मनुष्य शरीर श्रेष्ठतम है और जब तक हमारे शरीर में कोई रोग नहीं आता तब तक हम शरीर का महत्व नहीं समझते। निस्वार्थ प्रेम से प्रगाढ़ता बढ़ती है। स्वार्थ का प्रेम अधिक दिनों तक नहीं टिकता। इसी तरह भगवान की आराधना हमें निस्वार्थ भाव से करनी चाहिए। इससे ज्यादा फल मिलता है। स्वार्थ रखकर भगवान का पूजन करने से स्वार्थ सिद्धि नहीं होती। उन्होंने कहा कि लोग यदि अपने आप में सुधार लाएंगे तो पूरा समाज और पूरा देश सुधर जाएगा। आज के दौर में लोग स्वयं गलत काम करते हैं और दूसरे से सुधारने की उम्मीद रखते हैं। ऐसे में समाज सुधार संभव नहीं है। आगे आचार्य जी ने कहा कि जीवन मे कभी भी दूसरे की निंदा नहीं करनी चाहिए. दूसरों की निंदा करने से दूसरों का नहीं बल्कि खुद का ही नुकसान होता है। निंदा से ही मनुष्य की बर्बादी की शुरुआत होती है। ऐसे व्यक्ति अन्य लोगों के सामने किसी को बुरा साबित करने के लिए चोरी, हिंसा जैसे काम करने में भी नहीं कतराते। निंदा और किसी का अपमान करने से आप पाप के भागीदार बन जाते है। निंदा मतलब दूसरों के कामों में दोष ढूंढ़ना।



### पर निंदा से अपने कामों में होती है चूक

दूसरों की बुराई करना आज–कल कई लोगों की आदत बन चुकी है। हर मनुष्य दूसरे में कोई न कोई दोष ढूंढ़ता ही रहता है। इनको करने वाला इंसान अक्सर अपने मूल काम को भूल जाता है और बाकी लोगों से पीछे रह जाता है। अगर आप चाहते है कि अपनी जिंदगी में हर सफलता को हासिल करें तो दूसरे की बुराई निंदा करने से बचना. उन्होंने कहा कि मनुष्य को दूसरे की निंदा और बुरी संगति से हमेशा दूर रहना चाहिए. क्योंकि बुरी संगति से भी मानव जीवन पतन की ओर चली जाती है. संगति से मनुष्य जहां महान बनता है, वहीं बुरी संगति उसका पतन भी करती है।आचार्य ने कहा कि हो सकता है कि चोरी-बेईमानी आदि करके वह धन कमा ले, कुछ समय के लिए पद-प्रतिष्ठा अर्जित कर ले, लेकिन उसका अंत बुरा ही होता है। सत्संगति का, अच्छे विचारों का बीज बच्चे के मन में बचपन में ही बो देना चाहिए। जहां अच्छी संगति व्यक्ति को कुछ नया करते रहने की समय-समय पर प्रेरणा देती है, वहीं बुरी संगति से व्यक्ति गहरे अंधकूप में गिर जाता है। अच्छी संगति व्यक्ति का मन व चित्त निर्मल करती है।

# सोनकर समाज के प्रतिनिधियों ने विधायक से मुलाकात की



आरंग। सोनकर समाज आरंग राज पं.क्र. 3275 के नव निर्वाचित पदाधिकारियों ने क्षेत्रीय विधायक गुरु खुशवंत साहेब से सौजन्य मुलाकात की तो वहीं विधायक ने सभी नवनिर्वाचित सोनकर समाज के पदाधिकारियों एवं शाला प्रबंधन समिति सृजन सोनकर विद्या मंदिर के पदाधिकारियों को मिठाई खिलाकर शुभकामना प्रेषित किए। इस अवसर पर नवनिर्वाचित अध्यक्ष लखन लाल सोनकर, उपाध्यक्ष शंकर लाल सोनकर, कोषाध्यक्ष मदन मोहन सोनकर, सचिव धरम सोनकर, सहसचिव तोकेराम सोनकर विद्यालय प्रबंधन समिति से अध्यक्ष छत्रधारी सोनकर, उपाध्यक्ष सियाराम सोनकर, कोषाध्यक्ष देवेन्द्र सोनकर, सचिव सूरज सोनकर, सह सचिव सतीश सोनकर सहित सोनकर समाज के मुख्य निर्वाचन अधिकारी सोनकर समाज आरंग राज मदन लाल सोनकर सह निर्वाचन अधिकारी सोनकर समाज आरंग राज योगेंद्र सोनकर को विधायक ने चुनाव को बेहतर तरीके से समपन्न कराने हेतु बधाई दी। इस अवसर पर समाज के सदस्य कार्तिक सोनकर, विष्णु सोनकर, लेखराज सोनकर, तोषण सोनकर, राजकुमार सोनकर, दीना सोनकर, मोहन सोनकर भी उपस्थित रहे।

### न्यायालय नायब तहसीलदार रायपुर, जिला रायपुर (छ.ग.)

**// ईश्तहार //**

रायपुर, दिनांक 21/05/2024

रा.प्र.क्रमांक/202405113800018/अ-6/2023-2024
ग्राम रायपुरा प.ह.नं. - 57,
तहसील व जिला रायपुर

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदकगण (1) धनंजय निर्मलकर पिता विष्णु प्रसाद निर्मलकर (2) श्रीमती तामेश्वरी उर्फ तनु निर्मलकर पति श्री धनंजय निर्मलकर दोनो निवासी रायपुरा महादेव घाट तहसील व जिला रायपुर द्वारा आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है कि उनके द्वारा ग्राम रायपुरा, प.ह.नं. 57, रा.नि.मं. रायपुर तहसील व जिला रायपुर स्थित भूमि जिसका खसरा नंबर 572/214 रकबा 0.009 हे. याने 1000 वर्गफुट भूमि को विक्रेता श्रीमती हेमलता तिवारी पति स्व. श्री दीपक तिवारी निवासी शिवोम विहार कालोनी सांई दरबार रोड महादेव घाट रोड तहसील व जिला रायपुर से पंजीकृत विक्रय विलेख दिनांक 08/01/2019 के माध्यम से क्रय कर स्वामित्व एवं आधिपत्य प्राप्त किया किया है। अतः उक्त क्रय भूमि को पंजीकृत बैनामा के आधार पर अपने नाम पर भूमिस्वामी हक में दर्ज किये जाने हेतु आवेदिका का निवेदन है। उक्त प्रकरण की सुनवाई में दिनांक 13/06/2024 को होगी।

अतएव उक्त भूमि को आवेदक के नाम नामांतरण किये जाने से जिस किसी व्यक्ति/संस्था को कोई आपत्ति हो वे स्वयं या अपने अभिभाषक के माध्यम से अपनी लिखित आपत्ति दिनांक 13/06/2024 को इस न्यायालय में प्रस्तुत कर सकते है। बाद मियाँद प्राप्त आपत्ति पर इस न्यायालय द्वारा कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 21/05/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

मुहर — नायब तहसीलदार रायपुर (छ.ग.)

### न्यायालय नायब तहसीलदार महासमुन्द, जिला-महासमुन्द (छ.ग.)

रा.मा.क्र.-202404122500001/अ-6 वर्ष 2023-24 ग्राम- चिगरौद, प.ह.न. 39
रा.नि.म. बरोण्डाबाजार तहसील व जिला-महासमुन्द

**ईश्तहार**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण आम जनता समस्त ग्रामवासी को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि, आवेदक लालाराम साहू पिता स्व. सेवाराम साहू जाति तेली निवासी ग्राम चिंगरौद तहसील व जिला महासमुंद द्वारा ग्राम चिंगरौद प.ह.न. 39, रा.नि.मं. बरोण्डाबाजार में स्थित भूमि ख.नं. 468/1 रकबा 0.174 हे. लगान 0.40 पैसा. भूमि को विक्रेता मीराबाई पति बल्देव जाति डेहरिया निवासी पुरानी बस्ती रायपुर, तहसील व जिला रायपुर से आवेदक के पिता सेवाराम साहू पिता फुलसिंग साहू ने पंजीकृत-बैनामा दिनांक 22.03.1993 के माध्यम से क्रय किया है। जो बंदोबस्त पूर्व का है जिसका रिनम्बरिंग नया खसरा नं. 1043 रकबा 0.22 निर्माण हुआ है। जो अनावेदिका के नाम पर दर्ज चली आ रही है चूँकि आवेदक के पिता सेवाराम साहू पिता फुलसिंग का मृत्यु दिनांक 20.10.2022 को हो जाने के कारण उक्त भूमि पर से विक्रेता का नाम विलोपित कर क्रेता के विधिक वारिसान के नाम पर नामांतरण करने हेतु आवेदन पत्र के साथ बैनामा, मृत्यु प्रमाण पत्र एवं तलवाना सहित आवेदन प्रस्तुत किया गया है। जिसका प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधीन है।

इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति/संस्था को उजर / दावा / आपत्ति पेश करना है तो वह नियत पेशी तिथि दिनांक 07.06.2024 को स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर नियत तिथि तक आपत्ति / दावा पेश कर सकते है। नियत तिथि के पश्चात प्राप्त आपत्ति / दावा पर कोई विचार नही किया जावेंगा।

आज दिनांक 22.05.2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पदमुद्रा से जारी किया गया।

मुहर — नायब तहसीलदार महासमुंद (छ.ग.)

### आम-सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि इस कार्यालय के पत्र क्रमांक 842 दिनांक 05.03.2012 के द्वारा नवा रायपुर अटल नगर सेक्टर-29, में स्वतंत्र भवन क्रमांक- जुनियर एम.आई.जी.- I/288, को श्री दिनेश कुमार कौशिक पिता स्व. श्री एन. एस. कौशिक, के नाम पर स्ववित्तीय आधार पर आबंटित किया गया है। आबंटी द्वारा पंजीयन कार्यालय रायपुर से दिनांक 21.08.2015 को लीजडीड (पट्टा विलेख) का निष्पादन करा लिया गया है। वर्तमान में श्री दिनेश कुमार कौशिक पिता स्व. श्री एन.एस. कौशिक, निवासी- प्लाट नं. 86, कोसाबाड़ी (निहारिका) कोरबा, जिला-कोरबा (छ.ग.) के द्वारा उक्त भवन को क्रेता श्रीमति रामेश्वरी ध्रुव पति श्री गोपी राम ध्रुव, निवासीः-205, कुम्ही, गरियाबंद, किरवई, जिला-गरियाबंद (छ.ग.) को विक्रय करने के लिये अनापत्ति प्रमाण पत्र (एन.ओ.सी) प्रदाय करने हेतु इस कार्यालय में अपना आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

अतः नवा रायपुर अटल नगर सेक्टर-29, में स्थित स्वतंत्र भवन क्रमांक- जुनियर एम.आई.जी.- I/288, के विक्रय के सबंध में किसी व्यक्ति शासकीय व अर्ध्दशासकीय संस्था, निकाय, बैंक, अथवा वित्तिय संस्था, को कोई आपत्ति हो तो इस आम सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के अन्दर लिखित आपत्ति मये दस्तावेज अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में प्रस्तुत करें। अन्यथा बाद में प्राप्त होने वाली आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा ।

**संपदा अधिकारी , छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल संपदा प्रबंधन प्रक्षेत्र राजधानी परियोजना नवा रायपुर, अटल नगर जिला रायपुर (छ.ग.)**

### कार्यालय राजस्व निरीक्षक रायपुर-18

**// आम सूचना //**

जारी दिनांक 16/05/2024

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री संजीत कुमार ढीढ़ी पिता स्व. खोरबाहरा ढीढ़ी निवासी संकरी आवेदित ग्राम संकरी पटवारी हल्का नंबर 75 राजस्व निरीक्षक मण्डल - 18 रायपुर में स्थित भूमि जिसका खसरा नंबर 623/1 रकबा 0.202 हे. 22/04/2024 के परिपालन में दिनांक 31/05/2024 को समय 12 बजे पश्चात् मेरे द्वारा किया जाना नियत है।

अतः उक्त सीमाकन में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई दावा / आपत्ति प्रस्तुत करना हो तो वह उक्त तिथि में पटवारी हल्का नम्बर 75 के तुलसी में स्थित कार्यालय में मय दस्तावेज सहित स्वयं अथवा वैध अभिभावक के माध्यम से उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत तिथि के पश्चात मेरे द्वारा किसी प्रकार की दावा / आपत्ति पर विचार किया जाना संभव नहीं है।

**राजस्व निरीक्षक रायपुर-18 तहसील व जिला-रायपुर**

# मानस व्याख्यान प्रशिक्षण में श्रीराम की महिमा का वर्णन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| आरंग



रविवार को मां कौशल्या जिला मानस संघ रायपुर व राजा मोरध्वज मानस शक्ति केन्द्र आरंग के संयुक्त संयोजन में गायत्री शक्तिपीठ आरंग में एक दिवसीय श्रीरामचरित मानस व्याख्यान प्रशिक्षण का आयोजन हुआ। जिसमें जिला मानस संघ रायपुर के समस्त पदाधिकारियों विशिष्ट अतिथियों व मानस के मर्मज्ञों ने उपस्थित होकर व्याख्यान प्रशिक्षण में भाग लिया। व

याख्यान प्रशिक्षण में मुख्य अतिथि आरंग के आचोर्य पं. नरेन्द्र द्विवेदी ने कहा संतों की वाणी में अमृत होती है। सत्संग से सदैव जीवन सुधरता और संवरता है। वहीं अनेक व्याख्याकारों ने श्रीरामचरित मानस के अनेक दोहे चौपाई पर व्याख्यान देते हुए कहा रामचरित मानस समाज का दर्पण है। मनुष्य को जीवन जीने की कला सिखाती है। रामचरित मानस के पठन श्रवण से मनुष्य का अंतः करण शुद्ध होता है। मानस व्याख्यान प्रशिक्षक के रूप में शत्रुघ्न सिन्हा, श्याम लाल तारक, डा. नारायण वर्मा, कृष्ण कुमार साहू व प्रभुलाल सिन्हा ने रामचरित मानस पर विशेष रुप से व्याख्यान दिया। प्रशिक्षण के आयोजन संयोजन में राजा मोरध्वज शक्ति केन्द्र के संरक्षक राजेन्द्र चंद्राकर, अशोक साहू, हीरालाल साहू, सीताराम यादव, परमानंद जलक्षत्री, अवध विश्वकर्मा, टोकेश साहू, भुवन साहू, लक्ष्मीनारायण साहू, संतोष तिवारी सहित राजा मोरध्वज मानस शक्ति केन्द्र के सदस्यों की अहम भूमिका रही। वहीं व्याख्यान प्रशिक्षण का संचालन जिला मानस संघ के सचिव पोयमशरण साहू ने किया। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि के रूप में प्रदेश सलाहकार लोकेश गायकवाड़, नंदकुमार साहू, भेखलाल चंद्राकर, तुलसीराम सेन, राजा मोरध्वज शक्ति केन्द्र मीडिया प्रभारी महेन्द्र पटेल, सहित बड़ी संख्या में व्याख्याकारों व श्रीराम भक्तो की उपस्थिति रही।

### करबला तालाब पर कब्जा विरोध में उतरे भाजपा पार्षद

रायपुर। राजधानी के स्वामी आत्मानंद वार्ड स्थित ऐतिहासिक करबला तालाब में सौंदर्यीकरण के नाम पर तालाब की जमीन पाटने को लेकर नेता प्रतिपक्ष मीनल चौबे के नेतृत्व में भाजपा पार्षदों ने स्थल पर प्रदर्शन किया। भाजपा पार्षद दल का कहना है कि करबला तालाब यानी आत्मानंद सरोवर में अवैध निर्माण किया जा रहा है। सौंदर्यीकरण के नाम पर तालाब की जमीन पाटी जा रही है। भाजपा पार्षद दल के विरोध के बाद नगर निगम व स्मार्ट सिटी के अधिकारी मौके पर पहुंचे और रास्ते पर कंस्ट्रक्शन मटेरियल रखकर रास्ता जाम करने वालों का सामान जब्त किया।

Education Time

MODEL ENGLISH HR. SEC. SCHOOL
"Education makes future better"
Special Discount on ADMISSION FEES
ADMISSION OPEN Nursery to 12th (Biology, Maths, Commerce) Register Now at www.mesraipur.com
Highlight
- Spoken English & Personality Development Classes
- Transport & Surveillance Facility
- Monthly Seminar & Discussion
- Personal attention on each students
- Scholarship will be provided for students coming from other schools who score above 90%
Civil lines, Katora Talab Road, Raipur (C.G.) Contact:- 07771-4000123

ROYAL PUBLIC SCHOOL
Play Group Nursery Pre Primary Class I to XII (Science, Commerce, Bio, Arts)
Special Discount on ADMISSION FEES
ADMISSION OPEN Nursery to 12th Register Now at www.rpsraipur.com
Silent Features
- Extra curricular activities
- Personal attention to each student Limited student in each class
- Music, Dance, personality development classes
- Yoga
- Scholarship will be provided for students coming from other schools who score above 90%
Mathpurena, Chourasiya Colony, Raipur, (C. G.) Mo.:- 9589085558,9329621221, Email:- rpsraipur123@gmail.com
Contact to Add Your School - 79871-19756

Health Town
मूत्र किडनी एवं प्रोस्टेट
समस्त किडनी रोग गुर्दा, नेफ्रोलाजी किडनी में सुजन दर्द पेशाब कम होना या रूकावट जलन, सिरम क्रियेटिनिन, यूरिक एसिड, यूरिया का बढ़ना पैरो या आंखो में सूजन अगर डायलिसिस में चल रहे हो या किडनी बदलने कि नौबत आ गई हो तो इस चिकित्सा से जीवन बच सकता है, यह चिकित्सा किडनी के नेफ्रान्स सेल को पुनः एक्टीवेट (रिजनरेट) अर्थात् फिर से जीवन प्रदान करता है यूरेथ्रास्ट्रेक्चर (मूत्र नली का सिकुड़न) पेशाब न उतरना, बूंद बूंद टपकना या बन्द होना, आपरेशन कि आवश्यकता नहीं होती एवं पेशाब में जलन, पीला लालिमा रहना या खून या मवाद आना । प्रोस्टेट विकार बार बार पेशाब होना, बूंद-बूंद या रूकना, इसके कारण सेक्स में आई कमजोरी। समय : 11 से 3 बजे तक
जीवन ज्योति क्लीनिक डॉ. आर अग्रवाल (हर्बल मेडिसीन) नया बस स्टैण्ड के अंदर, गोलू पोहा जलेबी होटल के ऊपर शॉप नं. 25 दुर्ग (छ.ग.) स्थायी चिकित्सा परामर्श के लिए मिले मो. 7587099540 (आने से पहले फोन करें)

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771- 4242213, 7987119756, 9303508133




शुभेच्छु- व्यासनारायण चौबे, नरेन्द्र तिवारी, अशोक दीवान, एल. एन. तिवारी, डी. पी. तिवारी, एम. एल. पांडेय, व्यासनारायण शुक्ला, बीरेन्द्र शुक्ल, किरण पुराणिक, हरीश मिश्रा, प्रो. उषा दुबे, ज्ञानेश शर्मा, श्रीमती कुसुम शर्मा, श्रीमती भारती शर्मा, श्रीमती विभा तिवारी, प्रीति शुक्ला, सरिता शर्मा, सुनीता शर्मा, अविनाश शुक्ला, उमाकांत, नवीन शर्मा - वास्तुविद, हर्ष दीवान, आनंद पाण्डेय, प्रकाश तिवारी, ध्रुव, प्रमोद, एस. सी. तिवारी, भूपेन्द्र शर्मा, संजय दीवान, डॉ. मेघेश तिवारी, सुनील पाण्डेय, राजेन्द्र, मनोज शुक्ला, समरेन्द्र, रामावतार तिवारी, मयंक स्थापक, सुनील शर्मा, अशोक, दामोदर शर्मा, गज्जू उपाध्याय, निश्चय, सौमित्र, महेंद्र चौबे,यशवंत चौबे,सुरेश दुबे, प्रथम कुमार, अश्वनी तिवारी, रमेश शर्मा, विवेक, सौरभ शर्मा, परिवेश मिश्रा, सौमित्र मिश्रा, मयंक तिवारी, बंटी, मोनू, नीरज शर्मा, हर्षित शर्मा, हिमांशु तिवारी, सत्यम शुक्ला, पार्थ चौबे, शिवेन्द्र चौबे, सुयश शर्मा, अनिमेश शर्मा, विमल मिश्रा, आकाश दीवान, अक्षय दीवान, अमित दीवान, संदीप शर्मा, विजय शर्मा, राजू महाराज, गौरी शंकर दुबे, उत्कर्ष पाण्डेय, हरीश तिवारी, नवीन शुक्ला, शैलेन्द्र शर्मा, सागर मिश्रा, नीरज शर्मा, प्रतीक तिवारी, प्रवीण तिवारी, शलभ शर्मा, अजय तिवारी, प्रशांत शुक्ला, विनय शुक्ला,अनिकेत मिश्रा, अभिजीत तिवारी, भारती शर्मा, सुषमा शर्मा, रत्ना मिश्रा एवं मित्रगण.

## खबर संक्षेप

### वीर सावरकर जयंती पर व्याख्यान आज



**रायपुर।** स्वतंत्र्य वीर विनायक दामोदर सावरकर जयंती पर 28 मई को शाम 6.30 बजे महाराष्ट्र मंडल में विशेष व्याख्यान का आयोजन किया गया है। इसमें चार्टर्ड अकाउंटेंट प्रफुल्ल पेंडसे बतौर मुख्य वक्ता शामिल होंगे। प्रांत संघचालक राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ छत्तीसगढ़ डॉ. तोपलाल वर्मा मुख्य अतिथि होंगे। मंडल के उपाध्यक्ष श्याम सुंदर खंगन ने बताया कि सावरकर जयंती पर महाराष्ट्र मंडल भवन के छत्रपति शिवाजी महाराज सभागृह में आयोजित कार्यक्रम में प्रफुल्ल पेंडसे वीर सावरकर के जीवन के उन पहलुओं और घटनाओं पर चर्चा करेंगे। अध्यक्ष अजय काले व कार्यकारिणी सदस्यों ने कार्यक्रम में बड़ी संख्या में प्रबुद्धजनों से उपस्थिति का आव्हान किया है।

### कांग्रेसियों ने मनाई पं. नेहरू की पुण्यतिथि



**रायपुर।** जिला कांग्रेस कमेटी ने दोंदेखुर्द में सोमवार को पं. जवाहरलाल नेहरू की पुण्यतिथि पर तैलचित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर याद किया। इस अवसर पर जिला कांग्रेस अध्यक्ष उधोराम वर्मा ने पं. नेहरू के व्यक्तिव एवं कृतित्व पर अपने विचार रखे। कार्यक्रम में कमल भारती, संजय ठाकुर, अरुण शुक्ला, संतोष पाल, डॉ. श्रवण निषाद, रामचंद साहू, मंशाराम निर्मलकर, संतराम नारंग सहित जिला कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## निधन

### रूमा लहरी



**रायपुर।** राधास्वामी नगर निवासी रूमा लहरी (74) का 25 मई को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार 26 मई को मारवाड़ी श्मशानघाट में किया गया। वे आरूप लहरी, शम्पा गायगोले और स्मिता बेनर्जी की माता थीं।

### रामकुमार पांडे



**रायपुर।** सोडरा रायपुर निवासी रामकुमार पांडे (55) का 27 मई को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार 26 मई को 12 बजे महादेवघाट श्मशानघाट में किया जाएगा। वे पल्लवी और रश्मि के पिता एवं नवीन के चाचा थे।

### इंदूबाला लाल



**रायपुर।** राजेंद्र नगर निवासी पूर्व शिक्षिका इंदूबाला लाल (85) का 27 मई को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार सेंट पॉल्स कैथेड्रल की प्रभु वाटिका में किया गया। वे स्व. डॉ. जसवंत लाल की पत्नी और शैलेष लाल, ममता देव, नीलेश लाल की माता एवं अभिषेक पॉल, दीपा मसीह व शिफा जोगी की मौसी थीं।

# शहर के 8 बगीचों का सौंदर्यीकरण, काम पूरा करने 30 जून तक की मियाद

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

खास खबर

राजधानी के 8 बगीचों की सुंदरता बढ़ाने 3.50 करोड़ रुपये खर्च कर सौंदर्यीकरण कराया जा रहा है। रायपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड ने इस कार्य के लिए स्थानीय एजेंसी को ठेका दिया है। अनुबंधित एजेंसी 30 जून तक चयनित बगीचों के सौंदर्यीकरण का काम पूरा करेगी। जिन बगीचों में सौंदर्यीकरण कराया जा रहा है, उसमें देवेन्द्र नगर सेक्टर 4 के 2 गार्डन, शैलेन्द्र नगर क्षेत्र स्थित पूजा गार्डन और पुराना नवकार हास्पिटल के पास स्थित गार्डन के साथ डीडी नगर पानी टंकी के पास स्थित गार्डन और ईएसी कालोनी का आक्सीजोन शामिल है। रायपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड द्वारा शहर के अलग-अलग इलाकों में स्थित 8 बगीचों को संवारने 3.50 करोड़ रुपये का प्रोजेक्ट तैयार कर अनुबंधित एजेंसी को इसका जिम्मा दिया गया है। इसके अंतर्गत बगीचों में लगाये गये पेड़-पौधों को हरा-भरा रखने पानी की व्यवस्था, क्षतिग्रस्त पाइप लाइन सुधारने का काम, बगीचों के किनारे आने-जाने वालों के लिए पाथवे का निर्माण, लैंड स्कैपिंग, प्रकाश की व्यवस्था के साथ ही रंगीन फूलदार पौधे लगाने का काम शामिल है।

## रायपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड ने दिया ठेका, 3.50 करोड़ रुपये खर्च होंगे

### इन बगीचों का सौंदर्यीकरण

- देवेन्द्रनगर सेक्टर 4 के 2 गार्डन
- देवेन्द्र नगर सेक्टर 5 का गार्डन
- समता कालोनी स्थित संकल्प वाटिका
- पूजा गार्डन शैलेन्द्र नगर, पुराना नवकार हास्पिटल के पास स्थित गार्डन
- डीडीनगर पानी टंकी के पास स्थित गार्डन
- ईएसी कालोनी की 28 एकड़ जमीन पर विकसित आक्सीजोन



### 30 जून तक पूरा होगा सौंदर्यीकरण

शहर के 8 बगीचों को संवारने 3.50 करोड़ रुपये खर्च कर सौंदर्यीकरण कराया जा रहा है। यह काम 30 जून तक पूरा होगा। मुख्य रूप से आक्सीजोन को भव्य बनाने की योजना है।

- **पीके पंचायती,** जीएम, तकनीकी, रायपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड

### फूलदार पौधों से निखरेगा आक्सीजोन

स्मार्ट सिटी द्वारा सौंदर्यीकरण के लिए चयनित बगीचों में बारिश से पहले रंगीप फूलदार पौधे लगाये जाएंगे। इसके लिए अनुबंधित एजेंसी आवश्यकता अनुसार पौधों का रोपण करायेगी। कुछ बगीचों में हरी घास भी लगाई जायेगी, ताकि बगीचे की सुंदरता में निखार आ सके।

### आक्सीजोन में पानी की समस्या, पुरानी क्यारियां टूटी

शहर के प्राइम लोकेशन पर विकसित आक्सीजोन में बड़ी संख्या पेड़ पौधे होने और अलग-अलग प्रजाति के औषधीय पौधों को सूखने से बचाने परिसर में सबसे बड़ी समस्या पानी की है। इसके लिए नया बोरवेल खनन कराया गया है। पूर्व में बिछाई गई पाइप लाइन क्षतिग्रस्त हो गई है, जिसे बदलने का काम किया जा रहा है। फ्रंट एरिया में बच्चों के लिए प्ले एरिया बनाने के साथ ही एक्सरसाइज करने वालों के लिए नये इक्वीपमेंट लगाने का काम चल रहा है। बंद पड़े वाटर फाल को दोबारा शुरू करने और माउंड ग्रॉस लगाकर इस क्षेत्र को हरा-भरा बनाया जा रहा है। आक्सीजोन क्षेत्र में दो छोटे-छोटे तालाब भी बने हैं, इसकी अरसे से सफाई नहीं हुई। इसकी सफाई कराकर दोबारा साफ पानी भरा जायेगा। परिसर आने-जाने वाले लोगों की सुविधा के लिए नया टायलेट बनाने की तैयारी है। रायपुर स्मार्ट सिटी के अधिकारियों ने आक्सीजोन परिसर में चल रहे कार्य का स्थल निरीक्षण कर बकाया कार्य को जल्द पूरा कराने अनुबंधित ठेकेदार को निर्देश दिये हैं।

## रामनगर मुख्य मार्ग पर हमर अस्पताल के पास कचरा डंप

# रिहाइशी इलाके में कचरा कलेक्शन पाइंट बदबू से लोग हो रहे परेशान, हटाने की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

हरिभूमि सरोकार

शहर के रिहाइशी इलाके में नगर निगम ने कचरा कलेक्शन पाइंट बनाकर लोगों की परेशानी बढ़ा दी है। अलग-अलग वार्डों से कूड़ा करकट गाड़ियों में भरकर इसे सेकेंडरी कलेक्शन पाइंट पर रखा जाता है, लेकिन यहां उठने वाली बदबू, गंदगी में पनपने वाले मक्खी और मच्छर से लोग बेहद परेशान हैं। प्रभावित इलाके के रहवासियों ने वार्ड पार्षद के साथ मिलकर रिहाइशी इलाके से कचरा कलेक्शन पाइंट हटाने की मांग जोन कमिश्नर और निगम आयुक्त से की है। इसके बाद भी समस्या का समाधान नहीं किया गया। बारिश के सीजन में इससे लोगों की परेशानी और बढ़ेगी।

### शांतिनगर कन्या शाला और प्राइमरी स्कूल के बीच डंपिंग यार्ड

लाल बहादुर शास्त्री वार्ड स्थित शांतिनगर के मधु पिल्ले प्राइमरी स्कूल और कन्या शाला के बीच कचरा डंपिंग यार्ड होने से वार्डवासी और स्कूली विद्यार्थी त्रस्त हैं। 7 वार्डों का कचरा यहां डंप किया जा रहा है। रहवासियों ने रिहाइशी इलाके में कचरा डंपिंग यार्ड खोलने का जोरदार विरोध भी किया। इसके बाद भी कचरा डंपिंग जोन नहीं हटा रहे। पार्षद कामरान अंसारी ने बताया, बारिश के समय कचरे से उठने वाली बदबू इतनी तेज होती है कि बस्ती के लोग दिन -रात बेचैन रहते हैं। लोगों की सेहत इससे दांव पर लगी हुई है।

**केस 1**

### रामनगर में हमर अस्पताल के पास कचरा कलेक्शन पाइंट

नगर निगम जोन 7 क्षेत्र के संत रामदास वार्ड स्थित रामनगर मुख्य मार्ग पर हमर अस्पताल के पास नगर निगम ने कचरा कलेक्शन पाइट बना रखा है, जहां 7 वार्डों का कूड़ा करकट डंप किया जा रहा है। आसपास के रहवासियों ने जोन 7 कमिश्नर से रिहाइशी इलाके में कचरा डंप करने पर विरोध जताते हुए इसे तत्काल बंद करने की मांग की है। रेलवे स्टेशन से गुढ़ियारी आने-जाने वाले लोग इसी मार्ग का उपयोग करते हैं। इसके साथ रामनगर, भरतनगर सहित आधा दर्जन बस्तियों के रहवासी इससे प्रभावित हैं। पार्षद भोलाराम साहू ने बताया, महापौर से लेकर निगम आयुक्त तक लिखित में इसकी शिकायत की जा चुकी है। नगर निगम की सामान्य सभा में भी इस मुद्दे को उठाया गया। सबसे ज्यादा परेशानी अस्पताल के स्टाफ को हो रही है, जो रोज कचरे की बदबू के बीच काम करने बाध्य हैं। यही नहीं, आसपास व्यावसायिक इलाका होने से लोगों की आवाजाही यहां बनी रहती है।



- दलदल सिवनी टेकारी रोड पर रोज डाल रहे 3 जोन का कचरा
- शांतिनगर मधु पिल्ले कन्या शाला और और प्राइमरी स्कूल के पास

**केस 2**

### दलदल सिवनी के टेकारी रोड पर बड़ा मुक्कड़, 3 जोन से रोज कचरा डंप



कुशाभाउ ठाकरे वार्ड स्थित दलदल सिवनी-टेकारी रोड मुख्य मार्ग पर 3 साल से निगम ने बड़ा मुक्कड़ बना रखा है। यहां पर 3 अलग-अलग जोन के वार्डों से निकलने वाले कूड़ा करकट को गाड़ियों में भरकर डंप किया जा रहा है। कचरों से उठने वाली बदबू से दलदल सिवनी, रजवाड़ा सिटी, अविनाश सन सिटी, ऐश्वर्या विला सहित आसपास की आधा दर्जन कालोनी के रहवासी परेशान हैं। यही नहीं, यहां खुले में मेडिकल वेस्ट लाकर फेंका जा रहा है। डंपिंग सेंटर वाले मार्ग से उरकुरा, टेकारी, बरबंदा, सिलतरा, मांढर के ग्रामवासी रोज आना-जाना करते हैं। इस दौरान उन्हें कचरे से उठने वाली दुर्गन्ध परेशान करती है। पार्षद सुशीला धीवर ने वार्डवासियों के साथ यहां मुक्कड़ तत्काल हटाने की मांग को लेकर धरना दिया था। इसके बाद कुछ समय तक यहां कचरा डंप करना बंद रहा, पर दोबारा इसे शुरू करने से लोग परेशान हैं।

### 10 जोन से नए डंपिंग जोन के लिए मंगाये हैं प्रस्ताव

सभी 10 जोन से एक-एक नया डंपिंग जोन बनाने के लिए निगम आयुक्त के निर्देश पर प्रस्ताव मंगाये गये हैं। इस बार डंपिंग जोन पूरी तरह कवर्ड होंगे, जिसमें ताला लगाया जायेगा, ताकि कचरे से उठने वाली बदबू कम हो और लोगों को इससे दिक्कत ना हो।

- **डॉ. तृप्ति पाणिग्रही,** स्वास्थ्य अधिकारी, नगर निगम रायपुर

# पहली बार बैलेट पेपर से होगा छत्तीसगढ़ सराफा का चुनाव

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

- प्रत्याशियों को मिलेंगे चुनाव चिन्ह, नामांकन के साथ 11 हजार का शुल्क भी देना होगा

छत्तीसगढ़ सराफा एसोसिएशन के 30 साल के इतिहास में पहली बार बैलेट पेपर से चुनाव होगा। करीब दो साल विलंब से 23 जून को राजधानी रायपुर में होने वाले चुनाव के लिए प्रक्रिया प्रारंभ हो गई है। एसोसिएशन के तीन पदों अध्यक्ष, महासचिव और कोषाध्यक्ष का चयन प्रदेशभर के सराफा संघों के पदाधिकारी मतदाता करेंगे। पहली बार 91 संघों के पदाधिकारी अपने मतों का उपयोग करेंगे। इसके पहले बिलासपुर में एक बार 8 साल पहले चुनाव में मतदान हुआ था, लेकिन तब महज चिट से चुनाव हुआ था।
इस बार सभी प्रत्याशियों को चुनाव चिन्ह भी दिए जाएंगे। मध्यप्रदेश के जमाने में ही 10 अक्टूबर 1993 में राजनांदगांव में छत्तीसगढ़ सराफा एसोसिएशन का गठन कर लिया गया था। प्रदेश के तीन दशक पुराने छत्तीसगढ़ सराफा एसोसिएशन के चुनाव में सीधे सदस्यों को मतदान का अधिकार नहीं होता। इसमें प्रदेश के जो भी संघ हैं, उनके तीन पदाधिकारियों अध्यक्ष, महासचिव और कोषाध्यक्ष को ही मतदान का अधिकार रहता है। संघ बनाने के लिए यह जरूरी है कि जिस शहर में संघ बनाया जा रहा है, वहां पर कम से कम सात सराफा कारोबारी हों। अगर ऐसा नहीं है तो आसपास के शहर, गांव से भी दूसरे कारोबारियों को मिलाकर संघ बनाया जा सकता है। प्रदेश में पहले 80 सराफा एसोसिएशन थे, लेकिन पिछली बार जब दुर्ग में चुनाव हुआ था, तो उस समय 60 संघों ने ही शुल्क जमा किया था, इसलिए उनके पदाधिकारियों को ही मतदान का अधिकार मिला था। हालांकि तब चुनाव में मतदान करने की स्थिति नहीं थी, क्योंकि पदाधिकारियों का चुनाव सर्वसम्मति से निर्विरोध हो गया था।

### पहली बार बैलेट पेपर से चुनाव

सराफा एसोसिएशन के इतिहास में पहली बार नामांकन की पूरी प्रक्रिया के तहत चुनाव हो रहा है। मतदाता बैलेट पेपर से मतदान करेंगे।

- **प्रकाश गोलछा,** सहायक चुनाव अधिकारी

### रिकॉर्ड संघों का होगा मतदान

इस बार के चुनाव में बड़ा घमासान होगा। इस बार 91 संघों के 273 पदाधिकारियों को मतदान का अधिकार रहेगा। मतदाताओं को पहचान पत्र भी लाना होगा। इसके पहले के चुनाव में कभी भी इतने संघों के पदाधिकारियों को मतदान का अधिकार नहीं था। इस बार नए बने संघों को भी मतदान का अधिकार दिया गया है। इसको लेकर भी घमासान के बाद नए सदस्यों को मतदान का अधिकार दिया गया है।

## पेज 11 के शेष ...

### प्रदीप मिश्रा की कथा...

कि ट्रैफिक पुलिस के जवान रोड क्लीयर कराने लाचार नजर आ रहे हैं। गौरतलब है कि अमलेश्वर थाना के सामने सोमवार से पंडित प्रदीप मिश्रा का एक सप्ताह तक दो जून तक शिव पुराण का आयोजन किया गया है। पंडित प्रदीप मिश्रा को सुनने भारी संख्या में राजधानी के अलावा अन्य शहरों से लोग भारी संख्या में पहुंच रहे हैं। श्रद्धालुओं के कथा स्थल अमलेश्वर पहुंचने भाठागांव के अलावा रायपुरा तथा टाटीबंध के रास्ते रूट तय किया गया है। ट्रैफिक डीएसपी गुरजीत सिंह के मुताबिक अमलेश्वर जाने वाले सभी मार्गों में ट्रैफिक का दबाव है। सबसे ज्यादा ट्रैफिक का दबाव रायपुरा से अमलेश्वर जाने वाले मार्ग पर है।

### सुपारी किलिंग करने ..

करने की फिराक में रायपुर पहुंचे थे। बदमाश घटना को अंजाम दे पाते, इसके पहले पुलिस ने 72 घंटे के ऑपरेशन के बाद बदमाशों को गिरफ्तार करने में कामयाबी हासिल की। बदमाशों को पुलिस आठ दिनों की रिमांड पर लेकर पूछताछ कर रही है। **रोहित के साथ पहली बार आमना-सामना :** पुलिस के अनुसार राजस्थान के गैंगस्टर पप्पू सिंह उर्फ पप्सा को मलेशिया से निर्देश मिल रहा था। पप्पू ने राजस्थान में बैठकर अपने दो गुर्गे मुकेश कुमार, देवेंद्र सिंह को मध्यप्रदेश के रास्ते बस से रायपुर रवाना किया। झारखंड, बोकारो निवासी रोहित स्वर्णकार दोनों बदमाशों के दो दिन पहले रायपुर पहुंच गया था। पुलिस के अनुसार राजस्थान से आए बदमाशों की रोहित के साथ पचपेड़ी नाका में पहली बार मुलाकात होती। इसके पूर्व तीनों बदमाश इंटरनेट कॉलिंग के माध्यम से एक दूसरे के संपर्क में थे।

### देर रात पहुंची ट्रेन, नहीं...

में सवार महिला यात्री और बच्चे बहुत परेशान हो गए। खासकर उन महिलाओं को बहुत परेशानी हुई, जो इस ट्रेन में अकेले यात्रा कर रही थीं।

### यात्रियों के लिए ..

गई है। इसके साथ ही शॉपिंग के साथ यात्रियों को स्पा की सुविधा भी प्रदान की जा रही है। कोरोना महामारी के दौरान रायपुर विमानतल पर बंद हुआ फूड जोन और आउटलेट्स प्रबंधन की कोशिशों के बाद काफी संख्या में खुल गए हैं। पिछले दिनों एयरपोर्ट निदेशक और यात्रियों ने वहां दो नए फूड आउटलेट्स की शुरुआत की। यहां यात्रियों को खानपान की सुविधा मिलेगी।

# ट्रक ड्राइवर से चाकू की नोक पर लूट, दो गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर




- घटना मंदिर हसौद थाना क्षेत्र में रविवार देर रात की

मंदिर हसौद थाना क्षेत्र के राष्ट्रीय राजमार्ग पर चाकू की नोक पर ट्रक ड्राइवर से लूट के आरोप में पुलिस ने आजाद चौक थाना क्षेत्र में रहने वाले दो बदमाशों को गिरफ्तार किया है। बदमाशों के कब्जे से पुलिस ने लूट की रकम तीन हजार, मोबाइल के साथ लूट में इस्तेमाल दोपहिया को पुलिस ने जब्त किया है।

पुलिस के मुताबिक विजय यादव की शिकायत पर आमापारा निवासी शिवा बघेल तथा गोलू बघेल को लूट के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। पुलिस के अनुसार सेरीखेड़ी स्थित नारी निकेतन के पास रात में ट्रक ड्राइवर ट्रक खड़ा कर आराम कर रहा था। इसी दौरान दोनों बदमाश ट्रक के पास पहुंचे और ड्राइवर साइड की खिड़की खोलकर ट्रक के केबिन में दाखिल हुए। केबिन में सो रहे ट्रक ड्राइवर को बदमाशों ने चाकू की नोक पर जगाया और उसे धमकाते हुए रुपए तथा मोबाइल लूटकर फरार हो गए। पुलिस ने बदमाशों को सीसीटीवी फूटेज के आधार पर गिरफ्तार किया है। ट्रक ड्राइवर ओडिशा से लोहे की ब्लेड लोड कर भिलाई खाली करने जा रहा था।

# चलते कूलर में पानी भरना पड़ गया भारी, करंट से अधेड़ की मौत

- प्लग लगाते दूसरे को लगा करंट, अस्पताल में मृत घोषित

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर


फाइल फोटो

- गर्मी से बचने कूलर के उपयोग में लापरवाही ने ली जान

आग उगलती गर्मी से बचने के लिए कूलर का उपयोग करते वक्त बरती गई लापरवाही की वजह से दो लोगों ने जान गंवा दी। एक चलते कूलर में पानी भर रहा था और दूसरा प्लग लगा रहा था इसी दौरान उसे करंट लगा। दोनों को इलाज के लिए आंबेडकर अस्पताल लाया गया, जहां उन्हें मृत घोषित कर दिया गया।

जानकारी के अनुसार पिछले तीन दिनों से छत्तीसगढ़ में गर्मी अपने चरम पर है और इससे बचाव के लिए लोग विभिन्न तरह के जतन कर रहे हैं। बताया जाता है कि सिलतरा में रहने वाले एक इलेक्ट्रिशियन के परिवार में रहने वाला डागेश्वर साहू रविवार रात अपने घर में चलते कूलर में बाल्टी से पानी भर रहा था। बताया जाता है कि बाल्टी का एक कोना कूलर में फंसा और वह डागेश्वर पर गिर गया, जिससे वह पानी से पूरी तरह भीग गया। इस दौरान चालू कूलर से उसे करंट लग गया। बेसुध हालत में उसे उपचार के लिए आंबेडकर अस्पताल लाया गया, जहां चिकित्सकों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। इसी तरह दो दिन पहले तेलीबांधा इलाके में रहने वाला अधेड़ कूलर चालू करने स्विच लगा रहा था, इस दौरान उसे करंट लगा और इलाज के लिए अस्पताल पहुंचने से पहले उसकी जान चली गई। दोनों मामलों में पोस्टमार्टम करने के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया है।

### सावधानी बरतना बहुत जरूरी

इलेक्ट्रिशियन देव कुमार तारक के अनुसार कूलरों का उपयोग करने के दौरान करंट लगने की शिकायत अक्सर सामने आती रहती है। इससे बचाव के लिए सावधानी बरतने की आवश्यकता है। उनका कहना है कि लोकल स्तर पर बनाए जाने वाले कूलरों में न्यूटल फेस का ध्यान नहीं रखा जाता, जिसकी वजह से इस तरह की घटनाएं सामने आती रहती हैं। इसके अलावा घरों में भी इलेक्ट्रिक वायर लगवाने के दौरान न्यूटल फेस का ध्यान रखने की आवश्यकता है। पानी करंट प्रवाहित होने वाले किसी भी वस्तु के लिए सुचालक का काम करता है, इसलिए गीले कपड़े पहनकर अथवा गीले हाथों से कभी स्विच बोर्ड को हाथ नहीं लगाना चाहिए।

## बिजनेस साइट

# एसबीआई ने चलाया साइबर जागरूकता अभियान




**रायपुर।** एसबीआई द्वारा साइबर जागरूकता अभियान के अंतर्गत रायपुर रेलवे स्टेशन परिसर में नुक्कड़ नाटक का आयोजन 27 मई सोमवार को किया गया, जिसमें एनजीओ मन्नत सोशल वेलफेयर सोसाइटी के कलाकारों ने नुक्कड़ नाटक के माध्यम से वर्तमान में हो रही साइबर धोखाधड़ी का प्रदर्शन किया एवं इनसे बचने तथा जागरूक रहने का संदेश दिया।

# अंबिकापुर मेडिकल कालेज डीन को सीएमसी दुर्ग की भी जिम्मेदारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

- डॉ. पात्रा के आयुष कुलपति बनने के बाद से खाली था पद

शासकीय मेडिकल कालेज अंबिकापुर की अधिष्ठाता डॉ. रंजना सिंह आर्या को चंदूलाल चंद्राकर स्मृति शासकीय मेडिकल कालेज की जिम्मेदारी भी दी गई है। इस संबंध में शासन द्वारा सोमवार को आदेश जारी किया गया है। दुर्ग मेडिकल कालेज के डीन डॉ. पीके पात्रा के आयुष कुलपति बनने के बाद से यह पद खाली था।

आचार संहिता शिथिल होने के बाद स्वास्थ्य विभाग और चिकित्सा शिक्षा विभाग में व्यापक फेरबदल होने की संभावना बनी हुई है। इसीलिए अभी जरूरतों को ध्यान में रखते हुए जिम्मेदार पदों पर प्रभारी नियुक्त किए जा रहे हैं। दुर्ग के चंदूलाल चंद्राकर स्मृति शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय में अधिष्ठाता के जाने के बाद वहां का कामकाज प्रभारी के रूप में चिकित्सा अधीक्षक के कंधों पर था। सोमवार को शासन की ओर दुर्ग मेडिकल कालेज का प्रभार अंबिकापुर के शासकीय मेडिकल कालेज की डीन को दिया गया है। नया आदेश जारी होने तक वे दोनों कालेजों का काम संभालेंगी। इसी तरह कुछ दिन पहले जगदलपुर के शासकीय मेडिकल कालेज के अधिष्ठाता डॉ. यूएस पैकरा को चिकित्सा शिक्षा संचालक का प्रभारी बनाया गया था। माना जा रहा है कि अगले माह बड़ा फेरबदल होने के साथ कई अन्य अधिकारियों की नियुक्ति की जाएगी।

आवश्यकता है
मेकअप आर्टिस्ट
इच्छुक व्यक्ति संपूर्ण बायोडाटा के साथ संपर्क करें
समय : सुबह 10 से शाम 6 बजे
संपर्क करें : inhnewshr@gmail.com
एच.आर
8109222454
9522283349
हरिभूमि inh पुजारी पार्क के सामने, टिकरापारा, रायपुर



online Booking:-www.tripuryatra.com



स्लीपर मात्र 8,500/-
सुनहरा अवसर
स्पेशल ट्रेन से 08 जून से 14 जून 2024
सबसे कम राशि पर
माता वैष्णव देवी
हरिद्वार,मथुरा वृंदावन (श्री कृष्ण जन्मभूमि)
राशि:-स्लीपर 8500/- 3 एसी 16,500/-2 एसी 21,500/ (+5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा
संपर्क करें:-7354-411411

हरिभूमि
रायपुर, मंगलवार 28 मई 2024
लाइव
Email id- zindgi.live.hb@gmail.com
0771- 4242222, Message at - 9630172937



> जब शिव महापुराण कथा सुनने के लिए आए तो संपूर्ण समर्पण के साथ आएं। आधा-अधूरा समर्पण किसी काम का नहीं होता है। भगवान शिव के मंदिर में कभी भी नारियल नहीं फोड़ा जाता है। अगर नारियल फोड़ दिया, तो आधा चढ़ाना पड़ता है। धर्म हमें और विश्व को सिखाता है, कि पानी, पशुओं, नदी में भी भगवान हैं।

**शिव महापुराण : अमलेश्वर में उमड़ी श्रोताओं की भीड़, मेले सा माहौल**

# भरी दोपहरी में लाखों चले पैदल, पंडाल में भी लगाई छतरी

**रायपुर।** जीवन में जब ज्यादा कष्ट हो तो भगवान शिवजी की पांच बेटियों के नाम से बेलपत्र चढ़ाएं। इसके बाद 15 दिनों के भीतर कष्ट दूर हो जाएगा। शिवमहापुराण कथा वाचक पं. प्रदीप मिश्रा ने ये बातें सोमवार को कहीं। प्रवचन के लिए कथा स्थल अमलेश्वर में 4 लाख लोगों के लिए बनाए डोम भी छोटे पड़ गए। नजारा यह था कि अलग से लगाया गया पंडाल भी खाली नही था। गर्मी के कारण पंडाल में बैठी महिलाओं ने भरी दोपहरी में छतरी लगाई। इसके पहले लोगों ने पैदल चलने के बाद कथा स्थल पहुंचने के लिए नाले भी लांघे।









### विश्वास रखने पर मिलता है फल

देखा यह जाता हैं कि पिता नशे में डूबा है तो बच्चा भी उसमें डूबने का प्रयास करता है। भगवान श्रीरामचंद्र के पिता दशरथ रोजाना शिवलिंग का निर्माण करने के बाद पूजा करते थे। हम जब कहीं जाते हैं तो संकल्प लेकर जाते हैं कि अपना भला हो बाकी का नहीं, पर भगवान राम सभी का भला लेकर जाते थे। विश्वास रखकर काम करने से भगवान फल जरुर देते हैं।



### किन्नर समाज भी पहुंचा कथा श्रवण करने

कथा सुनने के लिए पहले दिन डिप्टी सीएम अरुण साव भी पहुंचे। उन्होंने कथा वाचक का शाल व श्रीफल देकर सम्मान किया। इसके बाद बाबा तेरा डमरू डम डम बाजे सारे जहां में...पर कथा श्रवण करने आए श्रद्धालु झूम उठे। किन्नर समाज की माधवी भी कथा श्रवण करने के लिए पहुंची। इससे पहले आयोजक पवन खंडेलवाल, विशाल खंडेलवाल, मोनू साहू व बसंत अग्रवाल के परिवारजनों ने आसंदी की आरती उतारते हुए स्वागत किया।









### हमेशा समर्पण रखें

समर्पण विषय पर श्रद्धालुओं को भगवान शिव की महिमा बताते हुए महाराज ने कहा कि समर्पण में दिखावे का कोई काम नहीं है। दिखावा करके भगवान शिव को चढ़ाया गया फूल स्वीकार नहीं होता है। जब हम पूर्ण समर्पण से उन्हें कुछ भेंट करते हैं, तो वे खुद स्वीकार कर लेते हैं। समर्पण का मतलब मंदिर में जाकर बैठना नहीं होता है। जब हम मंदिर में बैठे तो हमें यह नहीं मालूम होना चाहिए कि आस-पास क्या हो रहा है। शिव भक्ति में ही डूब जाना चाहिए। आस-पास घटित घटना को भगवान शिव देखते रहे हैं। आपके जीवन के सभी दुखों को परमात्मा के चरणों में छोड़ दें। ऐसा करके आप समर्पित होते हैं।

**लाइव इवेंट**

## गांव-कस्बे से आने वाले नए कवियों में संभावनाएं



**रायपुर।** आज की हिंदी कविताओं में नए बिम्ब और तेवरों के साथ आ रहे नवोदित कवियों में बहुत संभावना है। वे आज के गांव, शहर, महानगर, आर्थिकी, सत्ता और टेक्नोलॉजी के जटिल संबंधों को समझकर बेहतर रचनाएं लिख रहे हैं। यह कहना है कवि पीयूष कुमार का। समकालीन हिंदी कविता के विषय में चर्चा करते हुए उन्होंने आगे कहा, नवयुवा कवियों की कविताएं इस तरह की हैं, जिसे उन्होंने मजबूत मयार दी है। उनकी कविता में जो मजबूती है वो प्रभावित करती है। नए भारत में ऐसे कवियों की कविताएं अपने जमीनी यथार्थ की महक के साथ आ रही हैं। नवोदित कवयित्री काव्या के किताब विमोचन के अवसर पर आयोजित संगोष्ठी में उन्होंने ये बातें कहीं।

### एक लड़की का बिगड़ जाना...

युवा कवियों ने इस दौरान अपनी कविताएं भी पेश की। खैरागढ़ की पिलेश्वरी साहू, धमतरी से पुजाली पटले और रायपुर से प्रतीक कश्यप ने अपनी कविताओं से श्रोताओं को प्रभावित किया। किताब विमोचन में वरिष्ठ कवि गिरीश पंकज, त्रिलोक महावर, डॉ.आलोक वर्मा, संजय शाम, नंदन, शीलकांत पाठक आदि शामिल रहे। इस अवसर पर अरुणकांत शुक्ला, नंदकुमार कंसारी, डॉ.महेंद्र ठाकुर, मिन्हाज असद, बालकृष्ण अय्यर, स्मिता अखिलेश, समीर दीवान, डॉ.भुवाल सिंह ठाकुर सहित अन्य की उपस्थिति रही। इस मौके पर काव्या ने चुनिंदा कविताओं का पाठ किया। उनकी 'एक लड़की का बिगड़ जाना' और कोरोना काल में मजदूरों की बेबसी पर लिखी कविता को श्रोताओं ने पसंद किया।

**सिटी इवेंट**

## दूर से आए मरीजों के लिए स्पेशल कैंप, बताई समस्याएं



**रायपुर।** डॉ. भीमराव आंबेडकर स्मृति चिकित्सालय स्थित मॉडल ब्लड बैंक सेंटर द्वारा मरीजों की सहायता के लिए भव्य रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। मॉडल ब्लड बैंक सेंटर और पांचजन्य संतति विकास सेवा समिति के सहयोग से सरगुजा संभाग से आने वाले जरूरतमंद मरीजों के लिए कोटा स्टेडियम में यह विशाल रक्तदान शिविर आयोजित हुआ। इस रक्तदान शिविर में 10 यूनिट रक्त संग्रह किया गया। पांचजन्य संतति विकास सेवा समिति की तरफ से कैंप का कार्यभार रवीश गुप्ता और मॉडल ब्लड बैंक सेंटर की तरफ से डॉ. अविरल मिश्रा की निगरानी में यह कार्यक्रम संपन्न हुआ। रक्तदान शिविर की टीम में डॉ. नागश्री, डॉ. कुसुमलता, डॉ. सारांश, डॉ. संस्कृति, डॉ. संस्कार , नूरानी खान, जितेन्द्र यादव, लोमश, हेमा कश्यप, भूमिका यादव, शोभाराम साहू आदि शामिल रहे।

### भटकना पड़ता है मरीजों को

रक्तदान शिविर में इसके महत्व के विषय में भी समझाया गया। दूरस्थ क्षेत्रों से आने वाले मरीजों की समस्याएं भी बताई गईं। समाजसेवियों ने कहा कि दूरस्थ क्षेत्रों से आए लोगों को इलाज के दौरान कई बार बड़ी मात्रा में रक्त की आवश्यकता पड़ती है। अधिक जानकारी नहीं होने के कारण उन्हें यहां-वहां भटकना पड़ता है। प्रतिकूल मौसम में कई तरह की समस्याएं उन्हें उठानी पड़ती है। ऐसे में उनकी सहायता करने यह कैंप लगाया गया। लोगों ने स्वस्फूर्त रक्तदान किया।



### मेडिकल स्टूडेंट्स ने याद किए पूर्व प्रधानमंत्री के योगदान

पं. जवाहरलाल नेहरू की पुण्यतिथि पर 27 मई को चिकित्सा महाविद्यालय में विशेष आयोजन हुए। इस दौरान मेडिकल कॉलेज के प्रभारी अधिष्ठाता डॉ. अरविंद नेरल द्वारा महाविद्यालय के प्रवेश द्वार पर स्थापित पूर्व प्रधानमंत्री की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया। साथ ही वहां उपस्थित अन्य चिकित्सा शिक्षकों, अधिकारियों और कर्मचारियों द्वारा श्रद्धा सुमन अर्पित किया गया। डॉ. अरविंद नेरल ने भारत के स्वतंत्रता संग्राम और स्वाधीनता पश्चात स्वतंत्र राष्ट्र के आधुनिक निर्माण और विकास में प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू के महत्वपूर्ण योगदान का उल्लेख किया। नेहरू जी की 60वीं पुण्यतिथि पर हुए इस आयोजन में चिकित्सा महाविद्यालय के डॉ.विनीत जैन, डॉ.मंजू सिंह, डॉ.पीके खोड़ियार, डॉ.निर्मल वर्मा, डॉ.आभा डहरवाल, डॉ.स्वाति कुजूर, डॉ.पीयूष भार्गव, डॉ.उषा जोशी, डॉ.मंजूला बेक, डॉ.अर्चना टोप्पो, डॉ.जोशी, डॉ.जागृति अग्रवाल, डॉ.रूपम गहलोत, डॉ.शैलेंद्र अग्रवाल, ऋतु कौशिक सहित अन्य अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।

**जिला प्रशासन और निजी स्कूलों के सहयोग से दोबारा कराएंगे दाखिला**

# पढ़ाई छोड़ चुके बच्चों की होगी मॉनिटरिंग, अध्ययन से जोड़ने होंगे विशेष प्रयास, पूछा जाएगा विद्यालय से दूरी का कारण

**कार्नर न्यूज**

रायपुर। मेडिकल कॉलेज ऑडिटोरियम में पढ़ाई छोड़ चुके बच्चों को लेकर समीक्षा बैठक आयोजित की गई। यहां कलेक्टर, जिला शिक्षा अधिकारी सहित जिले के निजी स्कूलों के प्राचार्य शामिल हुए। अटल बिहारी बाजपेयी सभाग्रह में जिले के शिक्षा के अधिकार कानून के तहत प्रवेशित विद्यार्थियों और उसकी समस्याओं पर विस्तृत समीक्षा हुई। समस्याओं के अंतर्गत मुख्य रूप से स्कूल छोड़ चुके बच्चों पर चर्चा हुई। समीक्षा बैठक में ड्रॉप आउट को लेकर चिंता जाहिर की गई और इसे रोकने के तमाम प्रयासों पर चर्चा की गई। जिला प्रशासन द्वारा पूरे जिले के आंकड़े जुटाए जा रहे हैं। ड्राप आउट विद्यार्थियों के नाम की जानकारी उपलब्ध होने के बाद जिला प्रशासन प्रत्येक विद्यार्थी तक पहुंचेगा और उन्हें शिक्षा से वापस जोड़ेगा। कलेक्टर ने शिक्षा के अधिकार के तहत प्रवेशित विद्यार्थियों की लगातार मॉनिटरिंग के लिए निर्देश दिए हैं। जिला शिक्षा अधिकारी ने जिले के तमाम निजी स्कूलों में प्रवेशित तथा अध्यनरत विद्यार्थियों के आंकड़े और स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा इन विद्यार्थियों की शिक्षा से जुड़े रखने के प्रयासों के विषय में बताया।



### जुटाएंगे जानकारी

निजी स्कूल संघ के प्रदेशाध्यक्ष राजीव गुप्ता ने जिला प्रशासन से निवेदन किया कि बगैर टीसी हो रहे प्रवेश को रोकने का प्रयास किया जाए, जिससे ड्रॉप ऑउट छात्रों के वास्तविक आंकड़े तथा विद्यार्थियों का शिक्षा के अधिकार कानून के तहत प्रवेशित विद्यार्थियों की मॉनिटरिंग की जा सके। छोटी कक्षाओं में बगैर टीसी प्रवेश का प्रावधान किए जाने के कारण स्कूल छोड़कर जाने वाले छात्रों की उचित जानकारी नहीं मिल पाती है। समीक्षा बैठक में कलेक्टर डॉ.गौरव कुमार, जिला पंचायत सीईओ विश्व दीपक, जिला शिक्षा अधिकारी विजय खंडेलवाल एवं प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन के प्रदेशाध्यक्ष राजीव गुप्ता तथा लगभग 100 नोडल प्राचार्य एवं जिले के निजी स्कूल संचालक उपस्थित रहे।




### नवाचार के माध्यम से बढ़ाएंगे दिलचस्पी

विभिन्न कारणों के अलावा एक कारण यह भी है कि कई छात्रों की पढ़ाई में रुचि ही नहीं होती है। इसका भी समाधान निकालने के लिए नवाचार के तहत विविध प्रयोग किए जा रहे हैं। पढ़ाई के लिए नई तकनीक अपनाई जा रही है ताकि छात्र खेल-खेल में सीख सकें। शासकीय स्कूलों में भी इस दिशा में विशेष प्रयोग किए जा रहे हैं। बैठक में उन तकनीकों और प्रयोगों के बारे में बताया गया, जिसके माध्यम से पढ़ाई से बच्चों को जोड़े रखा जा रहा है।

### जून अंत तक दाखिले

गौरतलब है कि आरटीई के अंतर्गत प्रदेशभर के जिलों में लॉटरी निकाली जा रही है। राजधानी में अधिकतर निजी स्कूलों के लिए लॉटरी निकाली जा चुकी है। जहां लॉटरी प्रक्रिया पूर्ण नहीं हुई है, वहां मई अंत तक ये प्रक्रिया पूरी करनी होगी। इसके बाद जून माह का समय छात्रों को प्रवेश के लिए दिया जाएगा। इसके पश्चात दूसरे चरण की प्रक्रिया शुरू की जाएगी।

**धर्म लाइव**

## रक्तदान पश्चात होगा अन्नदान निकलेगी कंवरधामी की झांकी



रायपुर। संत कंवरराम सेवा संकल्प समिति द्वारा स्थानीय सिंधु पैलेस शंकर नगर में एक दिवसीय विशाल मेले का आयोजन किया जा रहा है। 2 जून रविवार को यह आयोजन होगा। इसके सफल आयोजन के लिए तैयारियों को अंतिम रुप देने के लिए एक विशेष मीटिंग आयोजित की गई और समिति प्रमुख को प्रभार दिया गया। आयोजन के मीडिया प्रभारी किशोर आहूजा नेबताया कि इस शुभ अवसर पर अमरावती में स्थित संत कंवरराम की प्रमुख दरबार से सभी प्रमुख संत भक्तों को आशीर्वाद देने विशेष रूप से उपस्थित रहेंगे और वहां की भजन मंडली द्वारा भजनों का गायन होगा। इस विशेष दिन शाम 4 बजे से अन्नदान, 5 बजे कंवर की शान में संगीत संध्या सम्मान समारोह, 7 बजे एसएसडी महिला मंडल द्वारा भजनों का प्रस्तुतीकरण, 8 बजे अरदास और भोग, 9 बजे कंवरधामी की झांकी और संबोधन, 10 बजे से भजन संध्या और अंत में विश्व शांति के लिए पल्लव के साथ प्रसाद वितरण का कार्यक्रम होगा।

### दूसरे जिलों से भी आएंगे भक्तगण

इस कार्यक्रम में अमरावती के सांई राजेश लाल साहिब, शदाणी दरबार के नवमे पीठाधीश संत युधिष्ठर लाल, देवपुरी दरबार से अम्मा मीरा देवी, चकरभाटा से संत लालदास, छग साधु समाज के अध्यक्ष मनोहर लाल उदासी सांई जल कुमार मसंद संतों को विशेष रुप आमंत्रित किया गया है। साथ ही सिंधी समाज के सभी पंचायतों के मुखीगण और गणमान्य नागरिक भी उपस्थित रहेंगे। प्रोजेक्ट मीटिंग में कार्यक्रम संयोजक एवं अध्यक्ष अमित जीवन सहित महासचिव पवन प्रीतवानी, उपाध्यक्ष राजू तारवानी, वरिष्ठ सलाहकार सुधामचंद भागवानी, वासुदेव जीवन, राजकुमार सोनी, प्रहलाद शादीजा, प्रताप थारवानी सहित महिला विंग की वीणा लालवानी और टीम ने भागीदारी दर्ज कराई। मंच संचालन राजनांदगांव के एंकर महेश मटलानी करेंगे।

**सिटी इवेंट**

## हार्डवर्क की जगह करें स्मार्टवर्क, बचेगा समय



रायपुर। युवाओं को लक्ष्य प्राप्ति के लिए मार्गदर्शन करने बढ़ते कदम संस्था की ओर से शहीद स्मारक भवन में 'छू लो आसमान' कार्यशाला का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में विभिन्न क्षेत्रों की पढ़ाई कर रहे छात्र शामिल हुए। इस दौरान एक्सपर्ट ने बताया कि बदलते समय के साथ अब विद्यार्थियों को हार्डवर्क करने की जगह स्मार्टवर्क करना चाहिए। इससे सफलता मिलने की संभावनाएं बढ़ जाती हैं। कॅरियर काउंसिलिंग व कॅरियर गाइडेंस और मोटिवेशन पर चर्चा करने बसंत रोहरा, आईपीएस एमएल कोटवानी समेत सैयद फाजिल शामिल हुए। बसंत रोहरा ने कहा, विद्यार्थियों को अपना लक्ष्य प्राप्त करना है, तो एकाग्रता लानी होगी। इसके अलावा आईपीएस कोटवानी ने शासकीय एवं प्रशासकीय विषय पर मार्गदर्शन दिया। सैयद फाजिल ने बताया, पढ़ाई में किस तरह स्मार्ट वर्क कर के अपना समय बचा सकते हैं।

### आगे बढ़ने का एकमात्र रास्ता पढ़ाई

कार्यशाला में स्टूडेंट्स को बताया कि हर कोई अपने जीवन में कुछ बढ़ करने का सोच रहा है, लेकिन सोचने से केवल सफलता नहीं मिलेगी। सोच और विचार के आगे बढ़कर उन पर कार्य करना होगा। 10वीं और 12वीं के बाद किसी भी क्षेत्र में की पढ़ाई कर आगे बढ़ा सकता है। आईपीएस और आईएएस की पढ़ाई से समाज और देश के लिए बेहतर कार्य किया जा सकता है। जो अपनी मंजिल की और बढ़ता जाता है, उसका इंतिहान और कठिन होता जाता है। कई बार वह अपने इम्तिहान में पास हो जाता है पर कई बार निजी कारण की वजह से उसे असफलता प्राप्त होती है।

**समाज इवेंट**

## आसन व ध्यान कार्यशाला मिले तनाव प्रबंधन के टिप्स



रायपुर। व्यक्तित्व निर्माण के आधार पर ही परिवार, समाज और राष्ट्र निर्माण की परिकल्पना हो सकती है। व्यक्तित्व निर्माण किसी भी उम्र में और कभी भी शुरू किया जा सकता है। उसका लाभ भी मिलना है। इस लिहाज से व्यक्तित्व निर्माण के लिए पाठशाला में किशोर एवं युवा काल में प्रवेश मिल जाए तो जीवन की दिशा बदल जाती है। इसके लिए संस्कारी युवा पीढ़ी के निर्माण से राष्ट्र निर्माण संभव है। इसके लिए सेवा, संयम, स्वाध्याय व साधना की अनिवार्यता का बोध होना चाहिए। यह बात युवा प्रकोष्ठ प्रभारी आशीष राय ने कही। इसके आगे उन्होंने कहा, अखिल विश्व गायत्री परिवार के संस्थापक पं. श्रीराम शर्मा आचार्य ने सैकड़ों वर्ष पहले ही युग निर्माण और व्यक्तित्व निर्माण के विषय में लोगों को जागरुक किया था।

### 80 बालक बालिकाएं शामिल

मीडिया प्रभारी प्रकाश निगम ने बताया, गायत्री परिवार ने बच्चों के ग्रीष्मकालीन अवकाश का सदुपयोग करते हुए उन्हें संस्कारवान बनाने के उद्देश्य से व्यक्तित्व निर्माण युवा शिविर का आयोजन गायत्री प्रज्ञा पीठ तेलीबांधा के पास स्थित सामुदायिक भवन में किया। यहां 80 बालक-बालिकाएं शामिल हुए। जहां स्वस्थ व संस्कार से जोड़ते हुए जीवन जीने की कला का प्रशिक्षण दिया गया। शिविर का शुभारंभ देव आह्वान, माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलित करके किया गया।

● समस्याएं सुलझाने व्यवस्था बनाने के बाद लोगों का बढ़ा समाज के प्रति भरोसा

# समाज कर रहा काउंसिलिंग, संवर रहे बिखरे परिवार प्री वेडिंग शूट सहित अन्य आडंबर पर हो रहा जुर्माना

**बदलते समय के साथ सभी समाज में परिवार विघटन बड़ी समस्या बनी हुई है। सास-बहू के मनमुटाव और हर छोटी बातों पर झगड़ों को लेकर अब परिवार बिखरने लगे हैं, इसलिए अब सभी प्रमुख समाजों में विशेष न्याय व्यवस्था बनाई गई है, जिसमें परिवार की काउंसलिंग कर उन्हें संवारने का काम किया जा रहा है।**

रायपुर। समाज का मानना है कि काउंसलिंग व्यवस्था बनाने के बाद लोगों का समाज से भरोसा बढ़ा है। अब कोर्ट और पुलिस तक मामले नहीं जा रहे हैं। समाज स्तर पर लोगों को उचित न्याय मिलने लगा है, जिससे दोनों पक्ष संतुष्ट है। हरिभूमि ने विभिन्न समाज से बातचीत की।



### 50 से अधिक परिवार को टूटने से बचाया



बीते कुछ सालों में युवा पीढ़ी में शादी के बाद तलाक और जमीन व संपत्ति को लेकर मामले बढ़ गए हैं। न्याय के लिए लोग थाने, कोर्ट के चक्कर लगा रहे हैं। कान्यकुब्ज ब्राह्मण समाज ने सामाजिक न्याय व पंचायत का गठन किया, जिसमें संबंधित समाज के पदाधिकारी, परिवारों में होने वाले विवाद की सूचना मिलते ही उनके यहां पहुंचकर काउंसिलिंग करते हैं। मामले घर पर ही सुलझाए जा रहे हैं, ताकि समाज और परिवार की बदनामी न हो। समाज के सदस्यों ने बताया कि समाज की इस पहल से लोगों को न्याय मिल रहा है। आर्थिक नुकसान भी नहीं हो रहा है। काउंसलिंग कर सालभर में 50 से अधिक परिवार को टूटने से बचाया है।

### जमीन से जुड़े मामले भी

अखिल भारतीय कुर्मी महासभा के राष्ट्रीय प्रवक्ता ने डॉ. जितेंद्र सिंगरौल बताया कि छत्तीसगढ़ के सभी जिले में न्याय प्रमुख नियुक्त किया गया है। सामाजिक न्याय के लिए लोगों को लंबा इंतजार भी नहीं करना पड़ रहा है। जैसे ही समाज को शिकायत मिलती है, पदाधिकारी काउंसलिंग की प्रक्रिया शुरू कर देते हैं। महिला के लिए अलग से विंग बनाई गई है। काउंसलिंग के साथ समाज भी न्याय पूरी पारदर्शिता के साथ करता है। यही वजह है कि अब समाज में परिवार के साथ जमीन से जुड़े मामले भी आने लगे हैं।

### कुर्मी समाज ने डीजे पर लगाया प्रतिबंध

समाज नए नियम बनाने के साथ इसका कड़ाई से पालन भी कर रहा है। सर्व कुर्मी समाज ने डीजे पर प्रतिबंध लगाया है। समाज को शिकायत मिलने या फिर जानकारी मिलने पर स्वतः वैधानिक कार्रवाई की जा रही है। परिवार पर दंड लगाने के लिए कुछ समय के लिए समाज के कार्यक्रमों से भी बाहर किया जा रहा है। कठोर नियमों के कारण अब युवा वर्ग समाज की संस्कृति और परंपरा को अपनाने लगे हैं। इसके अलावा अग्रवाल समाज के कार्यकारिणी सदस्य योगेश अग्रवाल ने बताया कि समाज सनातन धर्मो के संस्कृति और परंपरा के अनुसार विवाह करने पर जोर देने का काम कर रहा है। उन्होंने बताया कि समाज की कुरीतियों, विकृतियों और आडंबर पर रोक लगाने युवाओं को भी समाज से जोड़ना जरूरी है।

### संस्कृति और परंपरा अनुसार विवाह



*सिंधी समाज ने आडंबर पर रोक लगाने के लिए मृत्युभोज पर रोक लगाई है। इस बार समाज ने प्री-वेडिंग शूटिंग नहीं करने की अपील की थी, जिसका असर समाज के युवाओं पर भी देखने को मिला है। समाज के दिनेश कुमार अठवानी ने बताया, इस बार युवाओं ने संस्कृति और परंपरा अनुसार विवाह किया। फिजूलखर्ची को कम किया है। इसके अलावा जिन लोगों ने नियमों का उल्लंघन किया उन्हें दंड भी दिया जा रहा है। इससे अब युवा वर्ग भी समाज के नियमों का पालन कर रहे हैं।*

### परिवार को जान सकें इसलिए शादी से पहले ही काउंसिलिंग

युवा वर्ग में शादी के बाद मामूली झगड़े के कारण परिवार टूटने को लेकर मामले समाज में बढ़े हैं, इसलिए अब संभागीय अग्रवाल महासभा शादी से पहले ही दोनों परिवार के सदस्यों का काउंसिलिंग कर रहा है। ताकि एक-दूसरे परिवार को अच्छे से जान और समझ सकें और बाद में विघटन की स्थित निर्मित न हो। समाज के इस प्रयास से पारिवारिक झगड़ों के मामले में कमी आई है। समाज के नरेश सुल्तानिया, अक्षय अग्रवाल, सुदेश मुरारका, ओमप्रकाश अग्रवाल, उमा बंसल सभी रिश्तों के बारे में जानकारी ले रहे हैं। सम्मेलन में आने वाले हर युवक-युवती और उनके परिवार की काउंसिलिंग कर रहे हैं, उनके मन और पसंद को जान रहे हैं। उनके हिसाब से उनके रिश्ते के बारे में बता रहे हैं। यह सब वे निशुल्क कर रहे हैं।

# नवोदय के विद्यार्थी व शिक्षक 7 दिनों तक एक साथ नए तरीके से ग्रहण करेंगे शिक्षा



रायपुर। गुजरात में आयोजित राष्ट्रीय एक्सपेरिएंटियल लर्निंग प्रोग्राम में रायपुर से पीएम श्री स्कूल जवाहर नवोदय विद्यालय माना के दो छात्र और एक शिक्षक हिस्सा लेंगे। बीते दिनों जिला स्तरीय राष्ट्रीय प्रेरणा कार्यक्रम का आयोजन किया गया था। इसमें रायपुर जिले के 1,255 प्रतिभागियों में से चयनित छात्र नमन ठाकुर और बालिका आशिका सिंह ठाकुर वडनगर गुजरात स्थित प्रेरणा संस्थान पहुंच चुके हैं। इसके साथ जीव विज्ञान की व्याख्याता अपर्णा त्रिपाठी भी शामिल हैं। एक सप्ताह के लर्निंग प्रोग्राम में प्रतिभागी एक नए तरीके से शिक्षा ग्रहण करेंगे, जिसमें उन्हें 9 वैल्यूज के मॉड्यूल पर आधारित क्रियाकलाप कराए जाएंगे। ये 9 वैल्यूज स्वाभिमान और विनय, शौर्य और साहस, परिश्रम और समर्पण, करुणा और सेवा, विविधता और एकता, सत्यनिष्ठा और शुचिता, नवाचार और जिज्ञासा, श्रद्धा विश्वास, स्वतंत्रता और कर्तव्य हैं।

**राष्ट्रीय लर्निंग प्रोग्राम के तहत प्रयोग गुजरात में होगा आयोजन**

### 20 प्रदेशों के 20 जिलों से छात्रों का चयन

नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति के तहत एक्सपेरिएंटियल लर्निंग के इस इनोवेटिव कार्यक्रम में भारत के 20 प्रदेशों के 20 जिलों से चयनित प्रतिभागी अपने जीवन की सृजनशील यात्रा से गुजरेंगे, जो लौटने पर अपने-अपने प्रदेशों में दूसरे हजारों बच्चों में इन मूल्यों का प्रसारण करेंगे। छत्तीसगढ़ सहित भारत के हजारों चयनित शिक्षक और बच्चे सीखने की एक अनोखी यादगार यात्रा से गुजरेंगे, जो मूल्यों को सींचने में एक कारगर साबित होगा। बच्चे आसान तरीके से चीजों को सीख सकें और सीखा हुआ उन्हें लंबे समय तक याद रहे, इसलिए यह प्रयोग किया जा रहा है।

# जूनियर इंजीनियर भर्ती के प्रवेशपत्र हुए जारी

रायपुर। कर्मचारी चयन आयोग (एसएससी) की ओर से जूनियर इंजीनियर (जेई) भर्ती पेपर-1 एग्जामिनेशन के लिए एडमिट कार्ड जारी कर दिए गए हैं। एडमिट कार्ड ऑनलाइन माध्यम से रीजन वाइस वेबसाइट पर उपलब्ध करवाए गए हैं, जहां से आप इसे डाउनलोड कर सकते हैं। प्रवेश पत्र डाउनलोड करने के लिए आपको रजिस्ट्रेशन आईडी, रोल नंबर एवं अन्य डिटेल दर्ज करनी होगी। परीक्षा की शुरुआत 5 जून से होगी। जो भी अभ्यर्थी इस भर्ती परीक्षा में शामिल होने जा रहे हैं वे ध्यान रखें कि एग्जाम के दिन एडमिट कार्ड एवं एक वैलिड पहचान पत्र जैसे-आधार कार्ड, पैन कार्ड, वोटर आईडी कार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस, पासपोर्ट में से एक अनिवार्य रूप से साथ लेकर जाएं ताकी आपका वेरिफिकेशन हो सके। बिना पहचान पत्र एवं प्रवेश पत्र के आपको परीक्षा हॉल में एंट्री नहीं दी जाएगी। एसएससी जेई भर्ती 2024 एडमिट कार्ड डाउनलोड करने के लिए सबसे पहले आधिकारिक वेबसाइट **ssc.gov.in** पर जाएं। इस भर्ती के माध्यम से जूनियर इंजीनियर (सिविल, मैकेनिकल एवं इलेक्ट्रिकल) के रिक्त पदों पर नियुक्तियां की जाएंगी। परीक्षा का आयोजन 5 से 7 जून तक किया जाना है। भर्ती से जुड़ी विस्तृत डिटेल के लिए अभ्यर्थी ऑफिशियल वेबसाइट पर विजिट कर सकते हैं।

# रैंप पर उतरीं प्लस साइज मॉडल्स... कहा-खूबसूरती नजिरए में खुद से प्यार करें, आप जैसे हैं स्वयं को वैसे ही स्वीकारना सीखें

## जेसीआई ने प्लस साइज महिलाओं के लिए रखी फैशन प्रतियोगिता, राज्यभर से शामिल हुईं महिलाएं



**खूबसूरती देखने वाले के नजरिए में होती है। आप जैसे हैं, स्वयं को वैसे ही स्वीकार करना सीखिए। यह संदेश प्लस साइज मॉडल्स के लिए रखी गई प्रतियोगिताओं के माध्यम से जेसीआई द्वारा देने की कोशिश की गई।**

रायपुर। संगठन द्वारा प्लस साइज महिलाओं के लिए फैशन प्रतियोगिता रखी गई थी। सोमवार शाम शामिल हुई यह प्रतियोगिता देर रात तक चली। इसमें प्रदेशभर से आई महिलाओं ने हिस्सा लिया। संगठन सदस्यों ने कहा, हम मानते हैं कि हर मनुष्य अनूठा है और कोई भी दूसरे से कम नहीं है। इस तेजी से बदलते दुनिया में विशेष रूप से महिलाओं के बीच फैशन और खूबसूरती को लेकर मापदंड निर्धारित कर दिए गए हैं। महिलाएं पृथ्वी पर जीवन और ऊर्जा का स्रोत हैं, उन्हें किसी विशेष मापदंड में बांधना उचित नहीं है।







### नए मानक स्थापित करें

एक्सेल प्लस सुपरमॉडल-2024 का आयोजन जेसीआई रायपुर राइस सिटी द्वारा किया गया। फैशन इंस्टिट्यूट एफडीसीए का भी इसमें सहयोग रहा। इस दौरान विशेषज्ञों द्वारा फैशन टिप्स भी दिए गए। उन्होंने कहा, फैशन और लाइफस्टाइल में नए मानकों को स्थापित करना आवश्यक है। अपने कौशल और रचनात्मकता को बढ़ाएं। सकारात्मक परिवर्तन लाने के लिए नेतृत्व विकास का अवसर सभी को मिलना चाहिए।



### इंडियन से लेकर फ्यूजन परिधान

कार्यक्रम में महिलाएं विविध परिधानों में नजर आईं। भारतीय परिधानों से लेकर फ्यूजन परिधान संग उन्होंने रैंपवॉक किया। इस दौरान उनका उत्साह और आत्मविश्वास देखने लायक रहा। हेयर स्टाइल से लेकर गहनों का भी बेहतर कॉम्बिनेशन देखने को मिला। कोई दुल्हन के रूप में नजर आया तो किसी ने साड़ी को अलग-अलग तरीके से कैरी किया।

## सिटी स्पोर्ट्स

# सीनियर वर्ग में अर्जुन व सुरभि, जूनियर में आर्यन और समाया बने विजेता




**रायपुर।** राजधानी टेबल टेनिस संघ जिला रायपुर द्वारा 25 से 26 मई तक सप्रे शाला टेबल टेनिस हाल, बूढ़ापारा में आयोजित स्व. ज्ञान चंद लुनिया स्मृति- द्वितीय रायपुर जिला मंथली लीग टेबल टेनिस प्रतियोगिता-2024 संपन्न हुई। उक्त प्रतियोगिता के संबंध में संघ के सचिव विनय बैसवाड़े ने जानकारी दी कि सीनियर पुरुष एकल वर्ग में अर्जुन मल्होत्रा, सीनियर महिला एकल वर्ग में सुरभि मोदी, सब जूनियर अंडर 15 वर्ष बालक एकल में आर्यन सिंह तथा बालिका एकल वर्ग में समाया पांडे विजेता बने। प्रतियोगिता के समापन एवं पुरस्कार वितरण समारोह के मुख्य अतिथि छत्तीसगढ़ ओलंपिक संघ के उपाध्यक्ष शरद शुक्ला रहे। मंच पर छत्तीसगढ़ टेबल टेनिस संघ के उपाध्यक्ष प्रदीप जोशी, सचिव विनय बैसवाड़े एवं मुख्य निर्णायक अजीत बनर्जी उपस्थित थे। इस अवसर पर अंतर्राष्ट्रीय अंपायर प्रवीण निरापुरे, कोंडागांव जिला के सचिन मिश्रा, विनोद पटेरिया, कु. जया साहू, प्रिया चावड़ा, राजेश सिंह, अंजना चौहान, एनआईएस. कोच अशफाक, रितेश मल्होत्रा एवं अन्य सदस्यगण, प्रशिक्षकगण, खिलाड़ी व पालकगण उपस्थित थे।

## ज्योतिष शास्त्र

# नोट गिनते समय कभी न करें ये गलतियां, वरना लक्ष्मी हो जाएंगी नाराज



हिंदू धर्म शास्त्रों में मां लक्ष्मी को धन की देवी बताया गया है। कहते है जिस भी व्यक्ति अथवा परिवार पर मां लक्ष्मी की कृपा होती है, वहां धन-दौलत और सुख-समृद्धि की कमी नहीं होती है। सनातन धर्म को मानने वाले लोग भी मानते है कि मां लक्ष्मी की नाराजगी व्यक्ति को गरीबी में धकेल देती है। यही वजह है कि किसी भी व्यक्ति को अपने जीवन में वो काम नहीं करने चाहिए, जिससे मां लक्ष्मी की नाराजगी झेलनी पड़े।

### नोट गिनने में थूक का इस्तेमाल

अधिकांश लोग नोट गिनते समय थूक का इस्तेमाल करते देखे जा सकते है। हमारे भारत में यह आदत अधिकतर लोगों में देखी जा सकती है। लेकिन धर्म शास्त्रों के मुताबिक यह बिल्कुल गलत आदत है, जिससे धन की देवी मां लक्ष्मी नाराज होती है। माना जाता है कि जाने-अनजाने में ही सही लेकिन किसी को भी थूक लगाकर नोट नहीं गिनने चाहिए। ऐसा करना धन का अपमान माना जाता है। इसलिए जब भी नोटों को गिने तो सिर्फ साधा पानी इस्तेमाल करें।

### पर्स में तोड़-मरोड़ कर न रखें नोट

यह आदत में अधिकांश लोगों में पाई जाती है। लोग अपने पर्स में नोटों को मोड़कर रखते है, लेकिन यह बिल्कुल गलत आदत है। इसके अलावा पर्स में नोटों को ठूंसकर रखना भी गलत माना गया है। इस तरह की आदतें पैसे का अपमान समझी जाती है। इसलिए हमेशा पर्स में नोटों को सीधा ही रखें।

### पैसों को इधर-उधर कही भी न पटकें

कई लोगों की आदत होती है अथवा वे आलस्य में आकर पैसों को इधर-उधर कहीं भी रख देते है। लेकिन हिन्दू धर्म शास्त्रों में इस आदत को गलत माना गया है। पैसों को इधर-उधर कही भी रख देने की आदत से मां लक्ष्मी क्रोधित होती है। इसलिए हमेशा पैसों को पर्स में अथवा तिजोरी में ही रखें।

### पैसे से जुड़ी इन बातों को भी रखें ध्यान

कभी भी धन रखने के स्थान पर पुराने बिल-टिकट, फालतू के कागज या फिर कोई नुकीली चीज न रखें। इससे आर्थिक तंगी आने लगती है। अक्सर ऐसा होता है, जब हमारे से पैसे नीचे गिर जाते है। इस तरह की स्तिथि में तुरंत उन्हें उठाकर माथे से लगाएं और ईश्वर से माफी मांगे। रात्रि में सोते समय अपने सिरहाने पर पैसे से भरा वॉलेट न रखें। अक्सर लोग ऐसा करते है। कहते है पैसे को हमेशा सम्मानजनक जगह ही रखना चाहिए।

### ब्रैंड चुनने से पहले जान लें इनके नाम और इस्तेमाल का तरीका

# स्टाइल ही नहीं, जरूरत के हिसाब से डिजाइन किए होते हैं खूबसूरत हैंडबैग

महिलाओं के जीवन का एक अहम हिस्सा बैग भी है। ऑफिस जाना हो, बाजार या पार्टी आदि में, ये हमेशा आपके पास होते हैं। ऐसे में कई महिलाओं को तरह तरह के बैग खरीदने का तो शौक होता है लेकिन उन्हें उस बैग की खूबियां नहीं पता होतीं। अगर आप हर बैग के टाइप और स्टाइल को समझ लें तो आपको पता चलेगा कि दरअसल, हर बैग का अपना एक नाम है और इसकी जरूरत भी खास चीजों के लिए किया जाता है। मसलन, बिजी रहती हैं और बहुत सारा सामान कैरी करना है तो टोटे बैग आपके लिए काफी काम का होगा, जबकि मूवी या रेस्त्रां जा रही हैं तो क्रॉसबैग या क्लचर से भी काम चल जाएगा। इस तरह नाम और डिजाइन को समझकर आप उनका सही इस्तेमाल कर सकती हैं। आज हम बता रहे हैं उन पॉपुलर हैंड बैग डिजाइन के बारे में, जिन्हें महिलाएं काफी पसंद करती हैं लेकिन अधिकतर महिलाएं इनका नाम नहीं जानतीं।





**टोटे बैग:** टोटे बैग इन दिनों काफी पॉपुलर हो रहा है। यह एक बड़े आकार का बैग होता है जिसे कंधे पर आसानी से कैरी किया जा सकता है। इसमें दो बड़े हैंडल होते हैं और यह वाइड ओपन टॉप डिजाइन का होता है। इसमें आप आसानी से कई बड़े छोटे सामान कैरी कर सकती हैं। आमतौर पर यह सॉफ्ट मटेरियल का बना होता है। यह कंफर्टेबल बैग है जिसे आप कहीं भी कैरी कर सकती हैं।

**बकेट बैग:** जैसा का नाम से पता चलता है कि यह बकेट यानी बाल्टी के आकार से मिलता जुलता डिजाइन का होता है। इसका निचला हिस्सा हार्ड होता है जिस वजह से इसमें छोटे सामान को व्यवस्थित रखा जा सकता है। पोटली के डिजाइन में इसका माउथ ओपन या क्लोज किया जा सकता है जिस वजह से आप काफी सामान इसमें रख सकती हैं। आमतौर पर यह क्रॉस बॉडी या शोल्डर डिजाइन हैंडल के साथ मिलता है। यह बैग हर ओकेजन के लिए परफेक्ट होता है।

**क्रॉसबॉडी यानी हैंड फ्री बैग:** इस तरह के बैग का हैंडल बड़ा होता है जिसे आसानी से कंधे पर क्रॉस लटकाकर टांगा जा सकता है। इसे हैंडफ्री बैग भी कहा जाता है जो आमतौर पर ट्रैवल या काम के दौरान टांगने के लिए सूटेबल माना जाता है। यह बडे, मध्यम और छोटे आकार का होता है। शोल्डर बैग और क्रॉसबॉडी बैग काफी मिलते जुलते डिजाइन में होते हैं।

**क्लच बैग:** क्लच बैग दरअसल छोटा सा बैग है जिसमें आप कुछ चीजें जैसे मोबाइल, लिपस्टिक, वॉलेट, चाभियां ही रख सकते हैं। ऐसे बैग को हाथ में रखा जाता है। यह फैंसी डिजाइन में भी मिलते हैं जिसे आप इवेंट पर कैरी कर सकती हैं।

**बगुएट बैग:** बगुएट बैग कई ब्रांडेड कंपनियां बनाती हैं और ये काफी पॉपुलर भी हैं। ऐसे बैग आकार में छोटे होते हैं और इसका हैंडल भी छोटा होता है। वॉलेट से थोड़े बड़े आकार के इस बैग में सामने क्लच होता है और इसे आप कंधे पर टांग सकती हैं। यह आपके बॉडी और बाजू के बीच में रहता है।

**ये बैग भी होते हैं खास डिजाइन के:** इसके अलावा होबो बैग, फ्रेम हैंड बैग, फैनी पैक, शेल बैग, फ्लैप हैंड बैग, राउंड हैंडबैग, वैनिटी, ब्लोइंग, पाउच, फोल्ड ओवर बैग आदि भी काफी पॉपुलर हैं जो अपने खास डिजाइन के लिए जाने जाते हैं।



# इन कारणों से सास को पसंद नहीं आती अपनी बहु, आखिर कैसे रोकें इस रिश्ते में कोल्ड वार!

सास-बहू का रिश्ता, एक ऐसा रिश्ता है जो सभी घर में आमतौर पर विवादित ही होता है। यह एक एसा रिश्ता है जिसमें जब दोनों आपस में मिल कर रहते हैं तो पूरा परिवार खुशहाल रहता है। अगर सास-बहू में झगड़ा होता है तो पूरा परिवार परेशान रहता है। घर में कलह होती है। इसके पीछे एक बड़ी वजह है इस रिश्ते में सामंजस्य न होना। साथ ही दोनों तरफ से की गई गलतियां इस रिश्ते को और खराब कर देती है। पर आज हम आपको कुछ टिप्स देंगे जिसकी मदद से आप इस रिश्ते को खुशहाल बना सकते हैं।

### रिश्ते की करें कद्र मजबूत होंगे रिश्ते

रिश्ते की कद्र न करना, किसी भी रिश्ते को खराब कर सकता है। यहां भी यही होता है। बहू को सास बनने की कोशिश नहीं करनी चाहिए और सास को बहु को कंफर्टेबल होने का मौका देना चाहिए। सिर्फ सास को ही नहीं बल्कि बहू को भी अपनी जिम्मेदारी समझनी चाहिए और रिश्ते को मजबूत बनाने की कोशिश करनी चाहिए। सास को भी अपने बहू को बेटी की तरह प्यार करना चाहिए और बहू को अपनी सास को मां जैसी इज्जत देनी चाहिए।

### हर बात पर शिकायत करना

कई बार एसा होता है कि सास-बहू छोटी-छोटी बातों पर आपस में लड़ जाती हैं। उसके बाद दोनों आपस में बात-चीत करना बंद कर देती है, दोनों एक दूसरे से गुस्सा हो जाती हैं। ऐसे में आप याद रखें कि कितनी भी लड़ाइयां क्यों ना हो आपस में बात करना बंद नहीं करना चाहिए। हमेशा एक-दूसरे से बात करते रहें।

### एक-दूसरे से सलाह लेकर काम करना



बहू को छोटी-छोटी योजनाओं के बारे में सास से सलाह लेना चाहिए। इससे सास को अपनेपन का एहसास होगा तो फिर वो अपना विचार आपके साथ साझा करेंगी। इस तरीके से दोनों का रिश्ता मजबूत होगा। अपनी सास को अपनी मां की तरह सम्मान करें। जब आप अपनी सास से बात करें तो अपनी मां समझ कर करें। इसके आलावा उनके स्वास्थ्य का भी ध्यान रखें।

### नई एक्टिविटी में करें शामिल

नई पीढ़ी अपने काम में सास को शामिल करें उन्हें नई-नई जगह पर बाहर घुमाएं। अपनी सास को डांस, योगा, सोशल मीडिया का इस्तेमाल करना सिखाएं। मंदिर, पार्लर कहीं भी जाएं तो अपनी सास को साथ लेकर जाएं। इससे उन्हें अच्छा लगेगा। फिर वह बहू बेटी में फर्क नहीं करेंगी। इस तरह आप दोनों खुशी से एक दूसरे के साथ रह सकती हैं।

# जून में एक साथ दो ग्रह करेंगे बुध की राशि में प्रवेश, इन राशियों को मिलेगा लाभ

वैदिक ज्योतिष अनुसार जून के महीने में मान- सम्मान के कारक सूर्य और व्यापार के दाता बुध ग्रह मिथुन राशि में प्रवेश करने वाले हैं। जिसमें बुध ग्रह 14 जून को मिथुन राशि में प्रवेश करेंगे, इसके कुछ देर बाद ही सूर्य ग्रह भी मिथुन राशि में प्रवेश कर जाएंगे। इस तरह मिथुन राशि में सूर्य और बुध ग्रह की युति बनेगी, जिससे बुधादित्य राजयोग का निर्माण भी होगा। साथ ही सूर्य और बुध की युति का प्रभाव सभी राशियों के जातकों पर देखने को मिलेगा। लेकिन 3 राशियां ऐसी हैं, जिनकी इस समय किस्मत चमक सकती है। साथ ही करियर और कारोबार में तरक्की मिल सकती है।



### वृष राशि

सूर्य और बुध की युति वृष राशि के जातकों को लाभकारी साबित हो सकता है। इस दौरान सुख संसाधनों पर अच्छा खर्च करेंगे और आपके पास धन भी पर्याप्त मात्रा में रहेगा। साथ ही आपकी इच्छाओं की पूर्ति होगी। वहीं नौकरी पेशा और व्यापारियों को अच्छा लाभ मिलेगा। तरक्की के अच्छे अवसर मिलेंगे। इस समय आपकी आय में जबरदस्त बढ़ोतरी हो सकती है। साथ ही आय के नए- नए स्त्रोत बन सकते हैं। वहीं आपको समाज में मान- सम्मान और प्रतिष्ठा की प्राप्ति हो सकती है।

### मिथुन राशि

इस राशि के लोगों के लिए सूर्य और बुध का संयोग अनुकूल सिद्ध हो सकता है। इस अवधि में आपको समय- समय पर आकस्मिक धनलाभ की प्राप्ति होगी। साथ ही इस दौरान आपको हर कार्य में सफलता मिलेगी और भाग्य का साथ मिलने से अटके धन की प्राप्ति होगी। वहीं आपका कम्यूनिकेशन इस अवधि में मजबूत होगा। साथ ही जो शादीशुदा लोग हैं, उनका वैवाहिक जीवन शानदार रहेगा। साथ ही मान सम्मान में बढ़ोतरी होगी और नेतृत्व क्षमता में वृद्धि होगी। वहीं इस अवधि में अविवाहित लोगों को विवाह का प्रस्ताव आ सकता है।

### सिंह राशि

सूर्य और बुध की युति का बनना सिंह राशि के जातकों को लाभकारी साबित हो सकता है। इस दौरान में धन प्राप्ति के नए नए मार्ग मिलेंगे और आपकी लाइफ स्टाइल में अच्छा बदलाव भी आएगा। साथ ही इस समय आप वाहन और प्रापर्टी भी खरीद सकते हैं। साथ ही इस समय आपकी आर्थिक में सुधार आएगा। वहीं नौकरी पेशा जातकों के करियर में अच्छी तरक्की होगी।

# एक साल बाद नजदीक आएंगे बुध और शुक्र देव इन राशियों का शुरू होगा गोल्डन टाइम

वैदिक ज्योतिष मुताबिक ग्रह एक निश्चित अंतराल पर गोचर करके युति का निर्माण करते हैं। जिसका असर मानव जीवन और विश्व पर देखने को मिलता है। आपको बता दें कि शुक्र ग्रह अभी वृष राशि में भ्रमण कर रहे हैं और वहीं 31 मई को ग्रहों के राजकुमार बुध ग्रह वृष राशि में प्रवेश करने जा रहे हैं। जिससे इन दोनों ग्रहों की युति वृष राशि में बनने जा रही है। जिससे कुछ राशियों का भाग्य चमक सकता है। साथ ही धन-दौलत में बढ़ोतरी हो सकती है।



### मेष राशि

इस राशि के लोगों के लिए शुक्र और बुध की युति लाभकारी साबित हो सकती है क्योंकि यह युति आपकी राशि से धन और वाणी भाव पर बनने जा रही है। इसलिए इस समय आपको समय- समय पर आकस्मिक धन की प्राप्ति होगी और धन लाभ की स्थिति बनेगी। नौकरी पेशा जातकों को किसी दूसरी कंपनी से अच्छा ऑफर मिल सकता है। वहीं जो व्यापारी वर्ग है उनको इस समय उधार धन वापस मिल सकता है। अगर आप बैंकिंग, मार्केटिंग, मीडिया या बुध ग्रह से जुड़ा कार्य- व्यवसाय करते हैं, तो आपको इस अवधि में अच्छा लाभ हो सकता है।

### कन्या राशि

शुक्र और बुध का संयोग कन्या राशि के जातकों को शुभ फलदायी सिद्ध हो सकता है।क्योंकि यह संयोग आपकी राशि से भाग्य स्थान पर बनने जा रहा है। इसलिए इस समय आपको किस्मत का साथ मिल सकता है। साथ ही इस अवधि में वैवाहिक और पारिवारिक जीवन अच्छा रहेगा और सभी सदस्यों के बीच आपसी प्रेम बना रहेगा। व्यापारी नई योजनाएं बनाएंगे, जिससे व्यापार का विस्तार होगा और व्यापारिक साख भी बढ़ेगी। साथ ही इस अवधि में आप किसी धार्मिक या मांगलिक कार्यक्रम में शामिल हो सकते हैं। साथ ही देश- विदेश की यात्रा पर जा सकते हैं।

### मकर राशि

शुक्र और बुध की युति मकर राशि के जातकों के लिए लाभप्रद साबित हो सकती है क्योंकि यह युति आपकी राशि से पंचम भाव पर बनने जा रही है। इसलिए इस समय आपको संतान से जुड़ा कोई शुभ समाचार प्राप्त हो सकता है। साथ ही इस दौरान आपकी खुशियों में वृद्धि होगी और मानसिक शांति मिलेगी। वहीं इस समय आपको समय- समय पर आकस्मिक धनलाभ के भी योग बनेंगे। साथ ही आपकी इच्छाओं की पूर्ति होगी। वहीं अगर आपका प्रेम संबंध चल रहा है तो आपको उसमें सफलता मिल सकती है।

# जल्द करने वाली हैं शादी तो कर लें पसंद ये खूबसूरत नथ की डिजाइन

शादियों का सीजन शुरू होने वाला है। वहीं, अगर आप भी जल्द शादी करने वाली हैं, तो यकीनन इस समय आप शॉपिंग में बिजी होंगी। शादी से पहले तमाम तरह की चीजों की खरीदारी की जाती है लेकिन इनमें सबसे जरूरी होता है दुल्हन का जोड़ा और उस जोड़े के लिए परफेक्ट ज्वैलरी। ऐसे में अगर आप जोड़ा पहले ही डिसाइड कर चुकी हैं और अब उसके लिए रॉयल ज्वैलरी की तलाश में हैं, तो ये आर्टिकल आप ही के लिए है। दरअसल, इन दिनों नथ सबसे अधिक ट्रेंड में है। उस पर हाल ही में आई संजय लीला भंसाली की सीरीज 'हीरामंडी' ने इसे और अधिक ट्रेंडी बना दिया है। सीरीज में अदिति राव हैदरी, सोनाक्षी सिन्हा, मनीषा कोइराला, ऋचा चड्ढा, संजीदा शेख और शर्मिन सहगल ने एक से बढ़कर एक खूबसूरत नथ पहनी हैं, जो उन्हें एक दम रॉयल लुक दे रही थीं। ऐसे में आप भी इन डिजाइन से इंस्पिरेशन लेकर अपने खास दिन के लिए खूबसूरत नथ तैयार करा सकती हैं। ये यकीनन आपके लुक में चार चांद लगाने का काम करेगी।



**ओवरसाइज स्टेटमें नथ:** इस फिल्म में अदिति राव हैदरी एक ओवरसाइज स्टेटमें नथ पहने हुए नजर आ रही हैं। नथ में केवल एक ओर 3 छोटे फूल बने हैं, जो इसे बोहेमियन लुक दे रहे हैं। आप इस नथ डिजाइन को अपनी शादी के लिए तैयार करा सकती हैं।

**जड़ी हुई मीडियम साइज नथ:** मनीषा कोइराला मीडियम साइज नथ पहने नजर आ रही हैं। ये दोनों ही नथ डिजाइन बेहद खूबसूरत हैं। खासकर अगर आपके फेस की शेप गोल है और आप बड़ी नथ नहीं पहनना चाहती हैं, तो ये डिजाइन आपके लिए परफेक्ट रहने वाले हैं।

# लंबे लटकन से लेकर सुई धागा तक, इस कश्मीरी ईयररिंग से प्रभावित हैं ये डिजाइन

आजकल आपने नोटिस किया हो तो पाएंगे कि ज्यादातर एक्ट्रेस, आम लड़कियां और महिलाएं भी लंबे लटकन वाली इयररिंग्स को पहने नजर आती हैं। दरअसल, यही लेटेस्ट इयररिंग्स ट्रेंड्स हैं जिसे डैंगलर्स ड्रॉप इयररिंग्स कहा जाता है। यानी कि इसमें इयररिंग्स कान से लेकर कंधे तक छूते हुए होते हैं। इतना ही नहीं कई बार ये लंबी चेन वाली डिजाइन कान के पीछे तक भी जाते हैं। देझूर एक आभूषण है जिसे कश्मीरी पंडित दुल्हनें पवित्र विवाह बंधन में बंधने से एक दिन पहले से पहनती हैं।

### *देझूर से प्रभावित हैं ये इयररिंग्स डिजाइन्स*

*लंबे लटकन, सुई धागा, ड्राप इयररिंग्स और तरह-तरह के लटकन वाले लंबे इयररिंग्स सब इसी से प्रभावित हैं। इनके डिजाइन्स में आपको कई सारी वैरायटी देखने को मिल जाएंगी जिनमें आमतौर पर कश्मीरी पेड़, पौधों और चिड़ियों को डिजाइन्स देखने को मिल सकते हैं। जैसे चीड़ के पत्ते, अंगूर, बादाम, सेब, बुलबुल, मोर और गौरैया के डिजाइन्स।*



## फिल्म इवेंट

### बॉलीवुड

## डेनिस क्वैड की 'रीगन' का ट्रेलर जारी



**लॉस एंजिलिस।** अभिनेता डेनिस क्वैड की बायोपिक फिल्म 'रीगन' का पहला ट्रेलर रिलीज हो गया है। निर्देशक सीन मैकनामारा की ये बायोपिक फिल्म 40वें अमेरिकी राष्ट्रपति पर आधारित है। यह फिल्म रीगन के बचपन से लेकर इलिनोइस के डिक्सन में हॉलीवुड और फिर व्हाइट हाउस तक के पूरे सफर को दिखाएगी। फिल्म का ट्रेलर बेहद ही दिलचस्प है। डेनिस क्वैड इस फिल्म में रोनाल्ड रीगन की भूमिका निभा रहे हैं। ट्रेलर की शुरुआत 90 साल के पेट्रोविच से होती है, जिनसे उभरते हुए रूसी नेता मिलने आते हैं, जो जानना चाहते हैं कि सोवियत यूनियन कैसे खो गया। पेट्रोविच रीगन के बारे में सब कुछ जानते हैं। वह अपने विरोधी की कहानी सुनाना शुरू करते हैं। इस कहानी की शुरुआत 1922 से होती है, जब 11 साल के रोनाल्ड रीगन अपने जीवन के पहले संकट का सामना करते हैं। इसमें रीगन के जीवन की अहम घटनाओं को दिखाया जाएगा, जिसमें उनके बचपन में बदमाशों से उनका सामना, उनका अभिनय करियर और स्क्रीन एक्टर्स गिल्ड का नेतृत्व करने का समय और कम्युनिस्ट विरोधी बयानबाजी से राजनीति में उनका बढ़ता हुआ सफर दिखाया जाएगा। 'रीगन' में डेनिस क्वैड के अलावा नैन्सी रीगन के रूप में पेनेलोप एन मिल, उनकी पहली पत्नी जेन वायमन की भूमिका में मेना सुवारी नजर आएंगी।

### टॉलीवुड

## कभी न भूलने वाली साउथ की ये हैं 6 ब्लॉकबस्टर फिल्में

**मुंबई।** साउथ सिनेमा हाल के सालों में हिंदी सिनेमा या कहें बॉलीवुड पर भारी पड़ रहा है। अब हिंदी बेल्ट के लोगों को भी साउथ फिल्में ही पसंद आ रही हैं, फिर चाहे वो डब वर्जन में ही क्यों न रिलीज हों। लिस्ट में कुछ ऐसी फिल्में हैं जिनके क्लाइमेक्स ने दर्शकों को पूरी तरह से मंत्रमुग्ध कर दिया और वे हमेशा के लिए यादगार बन गईं।

**बाहुबली:** एसएस राजामौली निर्देशक एपिक स्टोरी हमेशा के लिए एक यादगार फिल्म है। इसका हर एक सीन और गाना दर्शकों को इसे अंत तक देखने पर मजबूर कर देता है। फिल्म में जिस तरह से वीएफएक्स का प्रयोग हुआ है, बॉलीवुड वाले शायद ही कभी कर सकें।

**पिज्जा:** विजय सेतुपति स्टारर 'पिज्जा' एक रोंगटे खड़े कर देने वाला अनुभव देती है जो चौंकाने वाले निष्कर्ष तक दर्शकों को अपनी सीटों से बांधे रखता है।

**जेलर:** सुपरस्टार रजनीकांत स्टारर 'जेलर' ने पहले सिनेमाघरों में दर्शकों का मनोरंजन कराती रही और अब ओटीटी लवर्स इसे देख रहे हैं। फिल्म में रजनीकांत का परफोर्मेंस कमाल का है और इसकी कहानी भी लोगों को काफी पसंद आई।

**कंतारा:** ऋषभ शेट्टी द्वारा निर्देशित कांतारा ने अपने चौंका देने वाले क्लाइमेक्स से दुनिया भर में तहलका मचा दिया है और दुनियाभर के दर्शकों को इंप्रेस किया है। लो बजट में बनी फिल्म ने कमाल का परफोर्मेंस किया है और इसका प्रीक्वल भी आ रहा है।

**यू-टर्न:** इसकी कहानी एक ऐसे मोड़ के साथ समाप्त होता है जो दर्शकों को क्रेडिट रोल के बाद लंबे समय तक सोचने पर मजबूर कर देता है, जिससे यह ओटीटी प्लेटफार्मों पर अवश्य देखा जाने वाला बन जाता है।

**दृश्यम:** मोहनलाल की 'दृश्यम' यह एक शानदार फिल्म है, जो अपनी दिलचस्प कहानी और अप्रत्याशित मोड़ों से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर देती है। फिल्म की रिलीज के कई साल बाद भी दर्शकों को बांधे रखने की क्षमता इसकी स्थायी विरासत के बारे में बहुत कुछ कहती है।

### भोजपुरी

## खुशी कक्कड़ का नया भोजपुरी गाना 'जसही लगवनी ओठललिया' रिलीज



**मुंबई।** भोजपुरी सिनेमा की जानी मानी सिंगर खुशी कक्कड़ इन दिनों अपने गानों को लेकर खूब खबरों में छाई हैं। एक के बाद एक खुशी के गाने रिलीज हो रहे हैं। ऐसे में भोजपुरी फैंस भी उनके गानों को न सिर्फ पसंद करते हैं बल्कि खूब नए गानों के रिलीज का इंतजार बड़ी बेसब्री से करते हैं। इसी बीच अब खुशी कक्कड़ का एक और नया भोजपुरी सॉन्ग रिलीज हो गया है। इस गाने के बोल 'जसही लगवनी ओठललिया' है। रिलीज होते ही ये गाना यूट्यूब पर जमकर वायरल हो रहा है। सिंगर खुशी कक्कड़ के 'जसही लगवनी ओठललिया' गाने में एक्ट्रेस अभिनेत्री काजल त्रिपाठी अपने ठुमकों से आग लगा रही हैं। 'जसही लगवनी ओठललिया' को वर्ल्डवाइड रिकाड्र्स के ऑफिसियल यूटयूब चैनल पर रिलीज किया गया है। ये गाना हाल ही में रिलीज हुआ है। देखते ही देखते इसके व्यूज लगातार बढ़ते जा रहे हैं। गाने में काजल त्रिपाठी अपनी अदाओं से दर्शकों को घायल कर रही है। भोजपुरी गाना 'जसही लगवनी ओठललिया' बड़े ही मस्तीभरे अंदाज में बनाया गया है। गाने में सभी मस्ती के मूड में नजर आ रहे हैं। 'जसही लगवनी ओठललिया' गाने में काजल त्रिपाठी अपने घर की ड्रेसिंग टेबल पर बैठकर सज श्रृंगार कर रही है। जिसे देखकर उसके ऑन स्क्रीन पिया का मन डोलने लगता है। वो काजल के साथ मस्ती करते है। वहीं, गाने में काजल ने पिंक कलर की साड़ी पहनी है, जिसमें वो बेहद खूबसूरत नजर आ रही हैं। गाने में उनके फेस एक्सप्रेसशन लोगों को घायल करने के लिए काफी है।

---

## लाइफ स्टाइल

### धीरे-धीरे नए ट्रेंड में हो रहे

आजकल आपने नोटिस किया हो तो पाएंगे कि ज्यादातर एक्ट्रेस, आम लड़कियां और महिलाएं भी लंबे लटकन वाली इयररिंग्स को पहने नजर आती हैं। दरअसल, यही लेटेस्ट इयररिंग्स ट्रेंड्स हैं जिसे डैंगलर्स ड्रॉप इयररिंग्स कहा जाता है। यानी कि इसमें इयररिंग्स कान से लेकर कंधे तक छूते हुए होते हैं। इतना ही नहीं कई बार ये लंबी चेन वाली डिजाइन कान के पीछे तक भी जाते हैं। इसी तरह से इसमें कई प्रकार की डिजाइन्स आजकल नजर आ रही हैं। जैसे सुई धागा वाले डिजाइन्स, लटकन और नीचे कुछ फूल या मोर वाले डिजाइन्स। आपको ये जानकर हैरानी हो सकती है कि ये तमाम डिजाइन्स असल में कश्मीरी देझूर झुमके से प्रभावित हैं। जब समय बदलता गया ये डिजाइन्स और तेजी से बदलते गए। देझूर एक आभूषण है जिसे कश्मीरी पंडित दुल्हनें पवित्र विवाह बंधन में बंधने से एक दिन पहले से पहनती हैं। आभूषण को कान से लटका दिया जाता है और इसमें पहले लाल धागा लगा हुआ होता है। शादी के बाद पति के घर पर उस लाल धागे को सोने की चेन से बदल दिया जाता है जिसे एथ कहा जाता है। अथुर, जो एक छोटा सोने का आभूषण है, देझूर से जुड़ा हुआ होता है।





## होंठों का रंग पड़ने लगा है काला, सुर्ख गुलाबी और मुलायम लिप्स के लिए अपनाएं ये तरीके

कहते हैं कि किसी व्यक्ति की स्माइल उसकी खूबसूरती में चार चांद लगाने का काम करती है। हालांकि, अगर आपकी प्यारी स्माइल में डार्क लिप्स आपकी समस्या बन रहे हैं, तो ये आर्टिकल आपके लिए मददगार हो सकता है। दरअसल, केमिकल प्रोडक्ट्स का ज्यादा इस्तेमाल करने, स्मोकिंग करने, धूप में अधिक समय बिताने या कैफीन का ज्यादा सेवन करने से होंठों की त्वचा काली पड़ने लगती है, जो दिखने में बेहद भद्दी लगती है। आईए बताते हैं इससे छुटकारा पाने के तरीके तो डार्क लिप्स की समस्या से निजात दिलाकर उन्हें गुलाबी और मुलायम बनाने में आपकी मदद कर सकते हैं।

**हैक नंबर 1- नींबू और चीनी:** सोने से पहले आधे कटे नींबू को होंठों पर करीब 2 से 3 मिनट के लिए रगड़ें और अगली सुबह साफ और ठंडे पानी से मुंह धो लें। नींबू मेलानिन अवरोधक की तरह काम करता है, ऐसे में महीने भर इस हैक को अपनाने से डार्क लिप्स की परेशानी से निजात पाई जा सकती है। इससे अलग आप नींबू और चीनी की मदद से होंठों पर स्क्रब कर सकते हैं। ये तरीका होंठों के लिए एक एक्सफोलिएटर के रूप में काम करेगा, जिससे डेड स्किन सेल्स को हटाने और लिप्स की रंगत में सुधार करने में मदद मिल सकती है।

**हैक नंबर 2- हल्दी:** हल्दी भी एक बेहतरीन मेलानिन अवरोधक के रूप में काम करती है। इसके लिए आप एक कटोरी में 1 बड़ा चम्मच हल्दी पाउडर लेकर उसमें 1 चम्मच कच्चा दूध मिलाकर पेस्ट तैयार कर लें। इस पेस्ट को होंठों पर लगाएं और 5 से 7 मिनट बाद साफ पानी से मुंह धो लें। इतना करने के बाद किसी भी मॉइस्चराइजिंग लिप बाम से होंठों को मॉइस्चराइज कर लें। ये तरीका भी हफ्तेभर में कमाल के नतीजे दे सकता है।



**हैक नंबर 3- शहद:** एक चम्मच शहद में चीनी के कुछ दाने मिलाकर होंठों पर हल्के हाथों से स्क्रब करें। इसके बाद हल्के गुनगुने पानी से मुंह धो लें। ये तरीका स्किन की डेड स्किन सेल्स को साफ करने में मदद करेगा, जिससे भी होंठों की रंगत में सुधार करने में मदद मिल सकती है।

**हैक नंबर 4- बादाम का तेल:** होठों पर बादाम के तेल की मालिश करने से भी रंगत में सुधार करने में मदद मिल सकती है। इसके लिए बादाम के तेल को हल्का गर्म कर लें। सोने से पहले तेल से होंठों की मसाज करें और अगली सुबह गुनगुने पानी से मुंह धो लें। बादाम के तेल में विटामिन ए, ई और फैटी की अच्छी मात्रा पाई जाती है, जो आपके लिप्स की स्किन को पोषण देने के साथ-साथ रंगत में भी सुधार करने में मददगार हो सकते हैं।

**हैक नंबर 5- खीरा:** खीरे को कुछ देर फ्रिज में ठंडा कर इससे होंठों की मसाज करें। इससे भी लिप्स की रंगत में सुधार करने में मदद मिल सकती है। दरअसल, खीरे में विटामिन ए और सी की अच्छी मात्रा पाई जाती है, जो पिगमेंटेशन को कम करने में असर दिखाते हैं। ऐसे में आप इस तरीके को भी आजमा सकते हैं।

---

## ठहरकर देखने लगेंगे लोग आपको जब पहनकर निकलेंगी आप ये साड़ी

फैशन



**पिछवाई चित्रकला शैली है बेहद खास**

साड़ी किसी भी महिला को खूबसूरत बना देती है। दरअसल, इसमें इतने प्रकार हैं और इतने स्टाइल हैं कि आप जब चाहें, जैसे चाहें इन्हें पहनकर रह सकती हैं। हर मौकों के लिए साड़ी में कई विकल्प हैं। यहां तक कि आप पल्लू का स्टाइल बदलकर भी पूरी साड़ी का लुक चेंज कर सकती हैं। तो आज हम एक खास प्रकार की साड़ी की बात करेंगे जिसे आप गर्मियों में पहनकर ट्रेंड कर सकती हैं। दरअसल, हम बात पिछवाई साड़ी की करेंगे जो कि आपके साड़ी फैशन लुक को पूरी तरह से चेंज कर सकती है। तो, आइए सबसे पहले जान लेते हैं क्या खास है इस साड़ी में।

**क्या है पिछवाई चित्रकला शैली**

पिछवाई साड़ी एक प्रकार की पारंपरिक भारतीय साड़ी है जिसमें पिछवाई पेंटिंग से प्रेरित डिजाइन होते हैं। पिछवाई पेंटिंग कला की जटिल और रंगीन कृतियां हैं जिनकी उत्पत्ति भारत के राजस्थान के नाथद्वारा शहर में हुई थी। इस साड़ी में आपको पूरी भारतीय संस्कृति दिखेगी। चाहे बात भगवान सूर्य की हो या द्वारकाधीश की इन साड़ियों में आपको हर प्रकार की चित्रकला देखने को मिलेगी। गाय, गांव, पनिहारिन और पेड़-पक्षी सबकुछ आपको इन साड़ियों में देखने को मिल जाएगा।

**ये स्टाइल 400 साल पुरानी, इसलिए खास है ये साड़ी**

यह संस्कृत के शब्द 'पिच' से बना है जिसका अर्थ है पीछे और 'वाई' का अर्थ है लटका हुआ। पिछवाई शब्द का अर्थ है 'पीछे की ओर लटका हुआ' और वे भगवान कृष्ण के जीवन की घटनाओं का वर्णन करते हैं और मूर्ति के पीछे मंदिरों में लटकाए जाते हैं। ये स्टाइल 400 साल पुरानी है पर आज ये सिल्क, कॉटन और अलग-अलग कपड़ों पर प्रिंट करके बनाई जा रही हैं।

**हल्की कलरफुल होती हैं ये साड़ियां**

पिछवाई साड़ियों को आप आराम से गर्मियों में पहन सकती हैं क्योंकि पहले तो ये हल्की होती हैं और दूसरा इनके रंग आपको गर्मियों में खूब पसंद आएंगे। इसके अलावा इन साड़ियों को पहनाना भी आसान होता है और आपको इनकी प्लेट्स बनाने में कोई दिक्कत नहीं होगी। इतना ही नहीं आप इनमें खूबसूरत ब्लॉज डिजाइन बनवा सकती हैं। शादी, पार्टी और ऑफिस में भी आप इन्हें पहनकर जा सकती हैं। तो अगर आपके साड़ी कलेक्शन में ये साड़ियां नहीं हैं तो आप इन्हें जरूर शामिल करें।

---

## 45 साल में भी दिखेंगे 25 साल जैसे जवां, इन चीजों का सेवन कर दें शुरु

आप अगर 45 साल की उम्र में भी 25 साल जैसा खुद को जवान महसूस करना चाहते हैं तो अपनी लाइफस्टाइल और खान-पान में जरूरी बदलाव का वक्त आ गया है। डेली डाइट में कुछ चीजों को शामिल कर बढ़ती उम्र के असर को धीमा किया जा सकता है। ये एंटी एजिंग फूड्स न सिर्फ स्किन को सॉफ्ट, शाइनी बनाकर रिंकल्स को कम करते हैं, बल्कि ओवरऑल हेल्थ को भी फायदा पहुंचाते हैं।



**ब्लूबेरी:** ब्लूबेरी एंटीऑक्सीडेंट से भरपूर होती हैं, जो सेल को नुकसान से बचाने में मदद करती हैं और झुर्रियों और महीन रेखाओं की उपस्थिति को कम करती हैं। वे विटामिन सी का भी एक अच्छा स्रोत हैं, जो कोलेजन उत्पादन को बढ़ावा देता है, जो त्वचा को मजबूत और लोचदार रखता है।

**डार्क चॉकलेट:** डार्क चॉकलेट फ्लेवोनोइड से भरपूर होती है, जो एक प्रकार का एंटीऑक्सीडेंट होता है जो सूजन को कम करने और रक्त वाहिकाओं को स्वस्थ रखने में मदद करता है। ये दोनों कारक उम्र बढ़ने के लक्षणों को धीमा करने में मदद कर सकते हैं।

**टमाटर:** टमाटर लाइकोपीन से भरपूर होते हैं, जो एक शक्तिशाली एंटीऑक्सीडेंट है जो त्वचा को सूरज की क्षति से बचाने में मदद करता है। वे विटामिन सी का भी एक अच्छा स्रोत हैं, जो कोलेजन उत्पादन को बढ़ावा देता है।

**सालमन फिश:** सालमन फिश ओमेगा -3 फैटी एसिड का एक बेहतरीन स्रोत है, जो सूजन को कम करने और हार्ट हेल्थ को बढ़ावा देने में मदद करता है। ये फिश विटामिन ई का भी एक अच्छा स्रोत हैं, जो एक एंटीऑक्सीडेंट है जो त्वचा की कोशिकाओं को नुकसान से बचाने में मदद करती हैं।

---

## घमोरियों के प्राब्लम से पाना चाहते हैं छुटकारा तो काम आएंगे ये टिप्स

गर्मी का मौसम शुरू होते ही घमोरियों की समस्या आम हो जाती है, जो बच्चों से लेकर बड़ों तक को काफी ज्यादा अफैक्ट करती है। घमौरियों के कारण स्किन पर छोटे-छोटे लाल कलर के दाने निकलने लगते हैं, जिसकी वजह से खुजली और जलन होती है। आमतौर पर यह प्रॉब्लम ज्यादा पसीना आने वाले लोगों को फेस करनी पड़ती है। घमोरियां शरीर के किसी भी हिस्से में जैसे, पीठ, सीने, चेहरे और हाथों पर हो सकती है।

वैसे तो बाजार में कई अलग-अलग तरह के पाउडर और क्रीम मिल जाएगें, लेकिन आप चाहें तो घरेलू नुस्खों से भी राहत पा सकते हैं। यहां कुछ घरेलू नुस्खे दिए गए हैं जो इस प्रॉब्लम से छुटकारा दिलाने में आपको हेल्प कर सकते हैं।

**ठंडे पानी से नहाना:** गर्मियों में



घमौरियों से छुटकारा पाने के लिए ठंडे पानी से नहाना बहुत जरुरी है। ठंडा पानी स्किन को ठंडक और आराम पहुंचाता है, जिससे खुजली और जलन कम होती है। ठंडे पानी में नहाने से स्किन के सारे पोर्स खुल जाते हैं, जिससे घमौरियों से राहत मिलती है। यह पसीने को धोकर स्किन को साफ रखता है, जिससे घमोरियों की प्रॉबलम कम होती है। गर्मियों के मौसम में दिन में दो बार नहाने से आपकी बॉडी भी कंफर्टेबल रहती है।

**शहद भी हो सकता है फायदेमंद:** गर्मियों में घमौरिया से छुटकारा पाने के लिए शहद का इस्तेमाल करें। शहद में एंटीबैक्टीरियल और एंटीसेप्टिक गुण होते हैं, जो स्किन की जलन को कम करते हैं और घावों को भरते हैं। इसे अफेक्टेड एरिया पर लगाकर 15-20 मिनट तक छोड़ दें और फिर ठंडे पानी से धो लें। यह स्किन को मॉइस्चराइज और कोल्ड फील कराता है, जिससे घमोरियों से छुटकारा मिलता है।

**नारियल तेल का इस्तेमाल**

गर्मियों में घमोरियों से छुटकारा पाने के लिए नारियल का तेल काफी फायदेमंद हो सकता है। इसे अफेक्टेड एरिया पर लगाकर हल्के हाथों से मालिश करें। नारियल का तेल स्किन को मॉइस्चराइज करता है और ठंडक पहुंचाता है, जिससे खुजली और जलन कम होती है।

---

कार्नर न्यूज

## दिनभर में कम से कम 8 गिलास पानी का सेवन जरूरी

## गर्मियों में बुजुर्गों को होता है डिहाइड्रेशन का अधिक खतरा, जानिए बचाव के ये टिप्स

गर्मियों के दौरान बढ़ते तापमान के कारण सभी को डिहाइड्रेशन की समस्या से जूझना पड़ता है। हालांकि, बुजुर्गों में यह परेशानी अधिक खतरनाक साबित हो सकती है। बढ़ती उम्र के साथ-साथ शरीर कमजोर होने लगता है और स्वास्थ्य संबंधी समस्याएं बढ़ जाती हैं। इसी के चलते बुजुर्ग लोगों का शरीर जल्दी डिहाइड्रेट हो जाता है। आइए जानते हैं बुजुर्गों में डिहाइड्रेशन होने के मुख्य कारण और उनके इलाज के लिए सरल टिप्स।

### प्यास कम लगना

जैसे-जैसे लोगों की उम्र बढ़ती है, उन्हें प्यास लगने का अहसास होना कम होता जाता है। इसका मतलब हुआ कि जब उनके शरीर को ठीक तरह से काम करने के लिए तरल पदार्थों की आवश्यकता होती है, तब भी उन्हें प्यास नहीं लगती। इसके कारण ही बुजुर्ग लोग दिनभर पर्याप्त मात्रा में पानी नहीं पी पाते हैं। इस समस्या से निपटने के लिए आप समय-समय पर पानी पीते रहें। हमेशा अपने पास पानी की बोतल जरूर रखें।

### किडनी की कार्यक्षमता कम होना

उम्र बढ़ने के कारण किडनी की कार्यक्षमता प्रभावित होती है। ऐसे में शरीर के अंगों की पानी को संरक्षित करने की क्षमता कम हो जाती है। स्वास्थ्य विशेषज्ञों का कहना है कि 60 वर्ष और इससे अधिक उम्र के लोगों के शरीर से पेशाब करते समय ज्यादा पानी निकल जाता है। किडनी को स्वस्थ बनाने के लिए आप डाइट में फल और सब्जियां शामिल करें।



### कोई गंभीर बीमारी होना

बुढ़ापा अपने साथ कई तरह की बीमारियां और शारीरिक परेशानियां लेकर आता है। ज्यादातर बूढ़े लोगों को मधुमेह, किडनी रोग और हृदय रोग होने लगते हैं। इनके कारण भी शरीर में डिहाइड्रेशन की समस्या पैदा होने लगती है। ये सभी खतरनाक बीमारियां शरीर के तरल पदार्थों के संतुलन को भी बिगाड़ सकती हैं। आप इस समस्या को ठीक करने के लिए अपनी दवाइयों के साथ-साथ ढेर सारा पानी पीएं।

### दवाइयां खाना

*गंभीर बीमारियों से लड़ने के लिए बूढ़े लोग कई तरह की दवाइयां खाते हैं। इन दवाइयों के प्रभाव के कारण बार-बार पेशाब आता है, जिससे शरीर का पानी कम हो जाता है। इसके साथ ही लैक्सटिवेस जैसी कुछ दवाइयां आपके मल त्याग को भी बढ़ा देती हैं, जिससे शरीर के तरल पदार्थों का संतुलन बिगड़ सकता है। ऐसे में जरूरी है कि आप दिनभर में कम से कम 8 गिलास पानी का सेवन जरूर करें।*

### चलने-फिरने में कठिनाई होना

*बुढ़ापे के कारण लोग ठीक तरह से चलने-फिरने और रोजाना की गतिविधियां करने में असमर्थ होने लगते हैं। इसके चलते वे अपने शरीर की जरूरत के मुताबिक पानी नहीं पी पाते। बुढ़ापे के दौरान बाथरूम जाने में भी कठिनाई होती है। ऐसे में वे बार-बार बाथरूम जाने से बचने के लिए पानी का सेवन सीमित करना शुरू कर देते हैं। इस समस्या से निपटने के लिए आप वॉकर का सहारा लेकर बाथरूम जाएं ।*